खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➟ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 18 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –09 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मुफ्त खाद्यान्न और...
■ कर्नाटक में भाजपा और... 04

■ अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू...
■ इजरायल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के आव्हान... 09

■ महंगाई से राहत मिली लेकिन अभी खतरा...
■ सोना 540 रुपये चढ़ा, चांदी में 12000 रुपये... 11

■ मुश्किल हालत में सर्वश्रेष्ठ...
■ भारत-ऑस्ट्रेलिया बड़े... 10

# वोट पड़ गए.. अब 'जीत-हार का तिया-पांचा' 3 को



## 75 फीसदी मतदान

### 2018 में 75.05 प्रतिशत वोट पड़े थे





## कहीं गोली तो कहीं तलवारें और बम चले, एक हत्या भी

**भोपाल/जबपलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान खत्म हो गया। मध्य प्रदेश में लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इन दोनों राज्यों समेत कुल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया जाएगा।

मध्य प्रदेश में इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्राय: शांतिपूर्ण संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गई। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। मतों की गिनती का कार्य तीन दिसंबर को होगा। मप्र में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है।

## वोटिंग के बीच कांग्रेस का आरोप- पार्षद को कुचलकर मार डाला

*मध्य प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान के बीच कुछ जगहों पर हिंसक झड़पें हुईं। छतरपुर में तो कांग्रेस के एक पार्षद की जान चली गई। छतरपुर के राजनगर में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच मारपीट के दौरान सलमान को कुचलकर मार डाला गया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर उसे गाड़ी से कुचल डाला। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया है और केस दर्ज करने की बात कही है।*

*34 साल के सलमान खुजराहो के रहने वाले थे। वह कांग्रेस प्रत्याशी और मौजूदा विधायक विक्रम सिंह नातीराजा और अन्य के साथ अकोना गांव जा रहे थे। उन्हें वहां शराब बांटे जाने की सूचना मिली थी।*

## छग : नक्सली हमले में एक जवान शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में मतदान के बाद वापस लौट रही पोलिंग पार्टी को नक्सलियों ने निशाना बनाया है। आईईडी ब्लास्ट में आईटीबीपी का जवान शहीद हो गया। गरियाबंद में बड़े कोबरा मतदान दल पर नक्सलियों ने हमला किया जिसमें आईटीबीपी के एक जवान की मौत हो गई। जवान का नाम जोगिंदर सिंह बताया जा रहा है।

## चुनाव पर खून के छींटे भी पड़े

चुनाव के बीच कई जगहों पर हिंसा की घटनाएं भी देखने को मिली है। कहीं फायरिंग तो कहीं पथराव हुआ है। इन घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं।

**मुरैना और भिंड में जमकर हुई हिंसा**-चुनाव के दौरान कई मतदान केंद्रों पर पथराव भी हुआ, जिसमें मुरैना का दिमनी, भिंड का मनहद गांव शामिल है। इस हिंसा में कई लोग घायल हो गई। भिंड में तो भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला को ही चोट आ गई।

**महू में चली तलवारें, कई घायल**-मतदान के बीच महू में हिंसा भड़क गई। महू में तलवारबाजी की घटना देखने को मिली है। यहां दो लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा के लोग उनके पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। बडगोंदा टीआई कैलाश सोलंकी ने बताया दोनों पक्ष के लोग घायल है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

**मेहगांव में अज्ञात लोगों की गोलीबारी में भाजपा उम्मीदवार घायल**-भिंड के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों ने भाजपा उम्मीदवार पर गोली चला दी। घटना में एक आप समर्थक भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

**मुरैना के दिमनी में पथराव और गोलीबारी**-मुरैना के दिमनी में वोटिंग के दौरान मतदान केंद्र पर भारी हिंसा की बात सामने आई। यहां मतदान के दौरान पथराव और गोलीबारी हुई। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में 68.15 प्रतिशत वोट पड़े

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ में 70 सीटों के लिए 68.15 मतदाता वोट डालने निकले। छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। कांग्रेस एवं भाजपा के अलावा जनता कांग्रेस,आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, बहुजन समाज पार्टी समेत कई दलों के उम्मीदवार भी इनमें शामिल है। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने देर शाम बताया कि शाम पांच बजे तक कोरबा जिले में 72 प्रतिशत, कोरिया में 74 , गरियाबंद में 71, पेन्ड्रा मरवाही में 71, जशपुर में 71, जांजगीर में 66, दुर्ग में 65, धमतरी में 80, बलरामपुर में 68, बलौदा बाजार में 71, बालोद में 78, बिलासपुर में 61, बेमेतरा में 73, मनेन्द्रगढ़ में 69, महासमुन्द में 70, मुंगेली में 65, रायगढ़ में 75, रायपुर में 59, सक्ती में 64,सरगुजा में 68,सारंगढ़ में 73 एवं सूरजपुर में लगभग 66 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि इस आकंडे में डाक मत्रपत्रों की संख्या शामिल नहीं है। यह अनुमानित प्रतिशत हैं अन्तिम आकंड़े देर रात तक मतदान दलों के लौटने के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्तिम आकंड़े आने के बाद मतदान प्रतिशत में अभी और इजाफा होगा। वर्ष 2018 में इन सीटों पर 76.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि राज्य के सबसे छोटे पहाड़ पर स्थित मतदान केंद्र भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के शेराडांड में शत प्रतिशत मतदान हुआ।

### इन जिलों में मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| जबलपुर- | 69.31 प्रतिशत |
| भोपाल- | 59.19 प्रतिशत |
| इंदौर- | 64.95 प्रतिशत |
| ग्वालियर- | 61.64 प्रतिशत |
| उज्जैन- | 73.37 प्रतिशत |
| छिन्दवाड़ा- | 84 प्रतिशत |
| सिवनी- | 82.77 प्रतिशत |
| नरसिंहपुर- | 78 प्रतिशत |
| बालाघाट- | 95 प्रतिशत |
| उमरिया- | 74.22 प्रतिशत |
| शहडोल- | 78.78 प्रतिशत |
| कटनी- | 69.03 प्रतिशत |
| सतना- | 64.55 प्रतिशत |
| सीधी- | 66.05 प्रतिशत |
| रीवा- | 73.28 प्रतिशत |

## एक ऐसा गांव जहां हुई 100 फीसद वोटिंग

मध्य प्रदेश का एक ऐसा गांव भी है जहां 100 फीसदी वोटिंग हुई है। सबसे खास बात यह है कि इस गांव में आदिवासी वोटर ज्यादा हैं। इस गांव में सबसे ज्यादा फीसदी लोगों ने वोट किया है।

मध्य प्रदेश बालाघाट जिले का मामला है। यहां का सोनवानी गांव ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। आदिवासी बहुल सोनवानी गांव में अब तक पूरी 100 फीसदी वोटिंग हो चुकी है। इस सीट पर पर जितने मतदाता थे सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।





इंदौर विधानसभा क्षेत्र-2 में विक्रम अग्निहोत्री ने दोनों हाथ नहीं होने के कारण पैर से मतदान किया। और अमिट स्याही का चिन्ह भी बांए पैर के अंगूठे पर लगाया गया।

## छिंदवाड़ा में मतदान का बहिष्कार

छिंदवाड़ा विधानसभा के अंतिम छोर में बसे ग्राम शहपुरा में मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। 2.30 बजे तक यहां किसी भी मतदाता ने मतदान नहीं किया है। यह गांव चौरई विधानसभा से कांग्रेस की टिकट मांगने वाले बंटी पटेल का गांव है, जो चोरी विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में बताया जा रहा है कि टिकट न मिलने से नाराज बंटी पटेल के समर्थक मतदान में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। हालांकि, कोई भी ग्रामीण मीडिया के सामने आकर कुछ भी कहने से इनकार कर रहा है। चुनाव बहिष्कार की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम गांव में पहुंची थी। उन्होंने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया, लेकिन कोई भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं था।

## मलेशिया से वोट डालने खण्डवा पहुंची युवती



खंडवा से मतदान को लेकर एक खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। जहां सात समुंदर पार मलेशिया से एक युवती अपने देश भारत में वोट डालने के लिए आई है। महरोज शेख नाम की युवती मध्यप्रदेश के खंडवा में मलेशिया से वोट डालने पहुंची हैं। उन्होंने शहर के परदेशीपुरा शासकीय उर्दू माध्यमिक शाला में अपना वोट डाला। महरोज शेख का कहना है कि मतदान के प्रति लोगों को सजग रहना चाहिए और अपने मत अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- लम्बी जद्दोजहद के बाद आखिर मतदान समाप्त हो गया और भाग्य का फैसला तीन को होगा।

**चुहिया- हां प्रिये**- चुनाव में लगे लोग भले ही चैन की सांस ले लें लेकिन प्रत्याशी तो 3 तक बेचैन ही रहेंगे

## जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ढेर

### 36 घंटों की मुठभेड़ में कुलगाम में पांच व उड़ी में चार आतंकी मारे गए

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में पिछले 36 घंटों में 9 आतंकी ढेर किए जा चुके हैं। इनमें से चार को उड़ी में एलओसी पार करते हुए मार डाला गया तो पांच को शुक्रवार सुबह कुलगाम में ढेर कर दिया गया। इस बीच जम्मू मंडल के राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में भी समाचार लिखे जाते समय तक मुठभेड़ जारी थी।

कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्करे तौयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का आप्रेशन जारी रहा। आईजीपी कश्मीर विके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था। तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। लश्करे तौयबा के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। बाद में सेना के जवानों ने जिस घर में आतंकी छिपे थे, उसे राकेट लान्चर से उड़ा दिया। आतंकी पांच थे और उन्होंने दो अलग अलग मकानों में ठिकाना बना रखा था। गुरुवार को आधी रात के बाद सुरक्षाबलों ने अपनी तरफ से फायरिंग बंद कर, आतंकियों के ठिकाने की घेराबंदी सख्त कर दी। दोनों मकानों के चारों तरफ कंटीली तार भी लगा दी गई ताकि आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग न सकें।

## केरल ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या छह हुई

**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम में 29 अक्टूबर को ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई। घटना के वक्त दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि 50 घायल हुए थे। बाद में 30 अक्टूबर, 6 नवम्बर, 11 नवम्बर और 16 नवम्बर को चार और लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई। पुलिस ने इस ब्लास्ट के आरोपी डोमिनिक मार्टिन को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। कोर्ट ने आरोपी मार्टिन को 29 नवम्बर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 54 केस दर्ज किए हैं।

## नैनीताल के सड़क हादसे में नौ की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के ओखलकांडा में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या नौ हो गई है जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में सात एक ही गांव के हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार ओखलकांडा ब्लाक के डालकन्या और अधौड़ा के रहने वाले दस लोग एक कैम्पर में सवार होकर हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान छीड़ाखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर कैम्पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले आसपास के ग्रामीण और खनस्यू पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल राहत व बचाव कार्य चलाया गया। चालक समेत नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग किसी तरह से बच निकले।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**लापरवाही** कोर्ट ने अस्पताल पर लगाया लाखों का जुर्माना

## सर्जरी के 12 साल बाद महिला के शरीर में मिला नट- बोल्ट

**नई दिल्ली।** सर्जरी के 12 साल बाद शरीर के अंदर महिला के शरीर में नट और बोल्ट पाया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने महिला को 13.77 लाख रुपये का मुआवजा देने के फैसले को बरकरार रखा है। महिला की सर्जरी पांडिचेरी के एक क्लिनिक में की गई थी।

एनसीडीआरसी के पीठासीन सदस्य सुदीप अहलूवालिया और सदस्य जे राजेंद्र ने राज्य आयोग के फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि महिला उचित मुआवजे की हकदार है। क्लिनिक की सेवा में कमी और लापरवाही के कारण उसे परेशानी और पीड़ा का सामना करना पड़ा। आगे कहा कि जिस असहनीय पीड़ा, कष्ट और कठिनाई से वह गुजरी थी और रातों की नींद हराम हो गई थी और अपने पति और अपने बच्चों को बहुमूल्य सेवा प्रदान करने के लिए गृहिणी के रूप में अपने दिन-प्रतिदिन के काम को करने में असमर्थता का सामना करना पड़ा। उसे आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ा। वो उचित मुआवजे की हकदार है।



महिला ने 1991 में सर्जरी कराई थी। अपनी सर्जरी के बाद शिकायतकर्ता को चक्कर आना, कंपकंपी, लगातार सिरदर्द, पेट में दर्द और मूत्र पथ के संक्रमण जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। अलग-अलग डॉक्टरों से परामर्श करने और विभिन्न उपचारों की कोशिश करने के बावजूद, उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। 2003 में एक अन्य सर्जरी के दौरान उसे पता चला कि पिछले ऑपरेशन के दौरान उसके अंदर एक नट और बोल्ट छोड़ दिया गया था। उसने पहले क्लिनिक की ओर से लापरवाही का दावा किया, जिसने पिछले 12 वर्षों में उसके दर्द और पीड़ा के लिए मुफ्त ऑपरेशन और 50,000 रुपये दिए जाने की बात कही। इससे असंतुष्ट होकर महिला ने राज्य आयोग में शिकायत दर्ज कर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 84,00,000, 1,00,000 और अतिरिक्त 5,000 रुपये की मांग की। उसने कुल दावे पर 24 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भी अनुरोध किया जब तक कि राशि पूरी तरह से वसूल न हो जाए।

राज्य आयोग ने शिकायत को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया और क्लिनिक को 13.77 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसमें चिकित्सा उपचार की लागत, शिकायतकर्ता द्वारा 12 साल तक घरेलू काम के लिए नौकरानी की नियुक्ति, असहनीय दर्द, सामान्य जीवन की हानि शामिल है। इसके खिलाफ क्लिनिक ने अपील की। एनसीडीआरसी ने कहा कि 1997 में, शिकायतकर्ता ने डॉ. जनार्थनन से चिकित्सा सहायता मांगी और किडनी का एक्स-रे कराया। जिसमें एक तितली के आकार की वस्तु सामने आई। हालांकि, डॉक्टर ने उचित मार्गदर्शन नहीं दिया।

# देश-विदेश

## जगन्नाथ मंदिर के नटमंडप की मरम्मत करेगा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

**पुरी।** ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के 'नटमंडप' का मरम्मत काम शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। एसजेटीए से मिली इस मंजूरी से एक दिन पहले उड़ीसा हाईकोर्ट ने एएसआई को इस मंदिर के नटमंडप का मरम्मत कार्य गुरुवार से शुरू करने के लिए कहा था। इस प्राचीन मंदिर के कुछ खंभों में दरारें नजर आई हैं, जिसके बाद एएसआई को तत्काल मरम्मत कार्य करने को कहा गया। गुरुवार को एएसआई के अधिकारियों, सेवायतों, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों समेत संबंधित पक्षों के साथ लंबी बैठक के बाद एसजेटीएस के प्रमुख प्रशासन रंजन कुमार दास ने संवाददाताओं से कहा कि वैसे तो संबंधित प्रक्रिया गुरुवार को ही शुरू हो गई।

# पश्चिम एशिया में हुई घटनाओं से उभर रहीं नई चुनौतियां : मोदी

## दूसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दूसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया क्षेत्र की घटनाओं से नई चुनौतियां उभर रही हैं। भारत ने सात अक्तूबर को इस्राइल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। हमने संयम भी बरता है। हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हम इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष में नागरिकों की मौत की भी कड़ी निंदा करते हैं। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात करने के बाद हमने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भी भेजी है। यह वह समय है जब ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एकजुट होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के लिए एक ग्लोबल केंद्र का उद्घाटन किया, जिसका नाम दक्षिण रखा। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस केंद्र का प्रस्ताव उन्होंने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के पहले चरण यानी जनवरी में रखा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र में कहा कि मैंने पहले सम्मेलन के दौरान ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव दिया था।

**दुनिया का सबसे अनूठा मंच**-मोदी ने कहा कि वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती हुई दुनिया का सबसे अनूठा मंच है। भौगोलिक रूप से ग्लोबल साउथ हमेशा से रहा है, लेकिन उसे इस प्रकार से आवाज पहली बार मिल रही है। ये हमारे साझा प्रयासों से हो पाया है। हम 100 से ज्यादा अलग-अलग देश हैं, लेकिन हमारे हित समान हैं, हमारी प्राथमिकताएं समान हैं।

## डीपफेक डिजिटल युग के लिए खतरनाक: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को डीपफेक टेक्नोलॉजी को खतरा बताया। उन्होंने कहा कि एक वीडियो में मुझे गरबा गीत गाते दिखाया गया है, ऐसे कई वीडियो ऑनलाइन पड़े हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि यह समझना बहुत जरूरी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे काम करता है। क्योंकि इसका उपयोग जानबूझकर गलत जानकारी फैलाने या दुर्भावनापूर्ण इरादे के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने ये बातें भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन कार्यक्रम के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने मीडिया से अपील की कि वह लोगों को इसके निगेटिव इफेक्ट्स बताए, ताकि गलत और नुकसान पहुंचाने वाला कंटेंट फैलने से रुके।

# उत्तरकाशी टनल की ड्रिलिंग में चट्टान बनी मुसीबत

## छह दिन से फंसे 40 मजदूर, दो की तबीयत बिगड़ी



**उत्तरकाशी,(एजेंसियां)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में शुक्रवार दोपहर को ड्रिलिंग कर रही ऑगर मशीन के सामने भारी पत्थर आ जाने से रेस्क्यू स्पीड काफी कम हो गई है। ऑगर मशीन के जरिए मलबे में रास्ता बनाकर भेजे जा रहे पाइप इंच-दर-इंच आगे बढ़ रहे हैं। इस बीच 6 दिन से फंसे 40 मजदूरों में से 2 की तबीयत भी शुक्रवार दोपहर को खराब हो गई। लैंडस्लाइड में टनल में मलबे के साथ बड़े बोल्डर भी फंसे हुए हैं। 30 फीट की ड्रिलिंग के बाद इनके मशीन के सामने आने से ऑगर मशीन को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोपहर 12 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन भी करीब दो घंटे के लिए रोकना पड़ा था। गुरुवार रात और शुक्रवार के दिन ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन को फिलहाल रेस्ट दिया गया है। अब ड्रिलिंग का काम शुरू किया जाएगा। ड्रिलिंग के काम में लगी अमेरिकन हैवी ऑगर्स मशीन के रास्ते में चट्टान आने से दोपहर 12 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन 2 घंटे तक बंद रहा। इसके बाद फिर से शुरू किया। हालांकि, ड्रिलिंग में चट्टान मुसीबत बनी हुई है।

### पाइप से अंदर भेजी जा रही दवाइयां

चट्टान से रेस्क्यू की स्पीड धीमी हो गई। रेस्क्यू के लिए मशीन के सहारे जिस पाइप को डाला गया, वो बहुत धीरे-धीरे आगे बढ़ पा रहा है। मशीन ने शुक्रवार सुबह 12 बजे तक 30 मीटर तक ड्रिल कर लिया था, लेकिन इसमें पाइप 24 मीटर से कुछ ज्यादा ही जा सका। मशीन को कुल 60-70 मीटर तक ड्रिलिंग करनी है। हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर दूर मिट्टी धंसी। मजदूर अंदर फंस गए। मलबा 70 मीटर तक फैला गया। ये मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। इंदौर से नई ड्रिलिंग मशीन एयरलिफ्ट की जा रही है। इससे रेस्क्यू को और तेजी मिलेगी। अमेरिकी ऑगर्स मशीन के जरिए 6 फीट लंबे पाइप मलबे में रास्ता बनाते हुए अंदर भेजे जा चुके हैं। रेस्क्यू में थाईलैंड, नार्वे, फिनलैंड समेत कई देशों के एक्सपर्ट से ऑनलाइन सलाह ली जा रही है।

टनल में फंसे 40 मजदूरों में जिन 2 की तबीयत खराब हुई है, उनमें एक को अस्थमा जबकि दूसरे को डायबिटीज है। खाना-पानी भेजने वाले पाइप से इनकी दवाई नियमित भेजी जा रही है। यही नहीं, अंदर फंसे लोगों की बात उनके परिजन और रेस्क्यू में लगे अफसरों से सुबह-शाम करवाई जा रही है। टनल के अंदर मजदूरों को खाने के लिए भुने और अंकुरित चने, बिस्किट, सुखे मेवे और चिप्स भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्लूकोज और पानी की सप्लाई भी की जा रही है। टनल के अंदर फंसे मजदूरों के परिजन भी शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचे।

## बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान `मिधिली´

# बंगाल, ओडिशा समेत आठ राज्यों में होगा असर, अलर्ट जारी

## बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक तट से टकराएगा तूफान

**भुवनेश्वर/कोलकाता,(एजेंसियां)।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र साइक्लोन का रूप ले रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, इस साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है। शनिवार 18 नवम्बर की सुबह यह पश्चिम बंगाल के सुंदरवन के पास से गुजरते हुए बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक तट से तूफान टकराएगा। इस दौरान इसकी रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटा रहेगी। भारत के 8 राज्यों में इसका असर देखा जाएगा। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, नागालैंड और मेघालय शामिल हैं। आईएमडी ने इन राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र में मिधिली का असर सबसे ज्यादा होगा। इनमें पूर्वी मेदनीपुर, कोलकाता, हावड़ा, नादिया, पूर्वी बर्दमान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। इनके अलावा 20 नवम्बर तक तामिलनाडु और केरल के कुछ इलाकों में इसके कारण हल्के से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडीने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव क्षेत्र नॉर्थ और नॉर्थ-ईस्ट में अभी मौजूद है। इसकी लोकेशन पश्चिम बंगाल के दीघा से 460 किमी साउथ और साउथ वेस्ट में ट्रेस की गई है। आगे बढ़कर ये दबाव साइक्लोन में तब्दील होगा। पश्चिम बंगाल के राज्य सचिवालय नबन्ना की कहा गया कि राज्य के तीन तटीय क्षेत्रों में साइक्लोन के बारे में पहले से चेतावनी दी जा चुकी है। साथ ही मिधिली से निपटने के लिए सभी उपाय करने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ ही मछुआरों को 16 से 18 नवम्बर के बीच मछली पकड़ने और समुद्र में जाने से मना किया गया है। साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है जो कि मालदीव की ओर से दिया गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के चक्रवातों से प्रभावित देश बारी-बारी से एक क्रम में चक्रवातों के नाम देते हैं।

**बंगाल के तटीय इलाकों में सबसे ज्यादा असर होगा**




### भारत में इन जगहों पर होगी भारी बारिश

चक्रवाती तूफान के चलते बंगाल के दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, पूर्वी मेदिनीपुर और कोलकाता में भारी बारिश हो सकती है। ओडिशा के स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ने सभी जिला कलेक्टरों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। तूफान के असर से ओडिशा के केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में भारी बारिश हो सकती है। बता दें कि इस तूफान का नाम मिधिली मालदीव द्वारा दिया गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से उठने वाले तूफानों से प्रभावित देश चक्रवाती तूफानों का नामकरण करते हैं।

# खालिस्तानियों ने फिर भारतीय अफसरों को घेरा

**वैंकुवर(ईएमएस)।** खालिस्तानियों को लेकर कनाडा और भारत के बीच तनातनी चल रही है। कनाडा स्थित भारतीय राजनयिकों का वहां विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते कनाडा में भारतीय राजनयिकों का खालिस्तानियों ने एक बार फिर से घेराव किया है।

कनाडा के वैंकुवर में भारतीय कौंसुलेट के अधिकारियों ने एक कैंप लगाया था। यह कैंप वहां रह रहे भारतीय पेंशनरों को लाइफ सर्टिफिकेट देने के लिए लगा था। इसी दौरान खालिस्तानी तत्वों ने वेन्यू के बाहर घेराव किया। यही नहीं इन लोगों ने आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन करने की धमकी दी है। भारतीय अधिकारियों ने यह कैंप खालसा दीवान सोसायटी गुरुद्वारा में किया था, जो ब्रिटिश कोलंबिया के एबट्सफोर्ड में स्थित है। इसी दौरान खालिस्तानी तत्व गुरुद्वारे के बाहर जमा हो गए और स्थिति ऐसी बन गई कि अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा में बाहर निकालना पड़ा।

इस मसले को भारत सरकार सख्ती के साथ कनाडा से उठा चुकी है। इस पर कनाडा ने कहा था कि हम भारतीय राजनयिकों को पूरी सुरक्षा देंगे और किसी भी खालिस्तानी तत्व को हिमाकत नहीं करने देंगे। इसके बाद भी ऐसी घटना चिंता पैदा करने वाली है। एक कैंप गुरुद्वारे में आयोजित किया गया था। इसके अलावा दो कैंप मंदिर में लगे थे। हाल ही में खालिस्तानियों ने एक सिख परिवार पर भी हमला कर दिया था, जिसने भारत के तिरंगे झंडे को उठाया था। वहीं भारतीय राजनयिकों ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। ऐसे में उन्हें पेंशन, इंश्योरेंस जैसी जरूरतों के लिए दस्तावेजों की जरूरत होती है। उन जरूरतों को पूरा करने के लिए ही हम बीच-बीच में कैंप लगवाते हैं।

**सुरक्षाकर्मियों ने घेरा बनाकर निकाला,**

अधिकारियों ने कहा कि गुरुद्वारे के बाहर करीब 20 खालिस्तानी थे, जो आपत्तिजनक नारे लगा रहे थे। इन लोगों ने यहां दस्तावेज के लिए आए कुछ लोगों से भी बदसलूकी की। दरअसल कुछ महीने पहले कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर मारा गया था। उसकी अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।निज्जर की हत्या के बाद से खालिस्तानी बौखलाए हुए हैं और इसमें भारतीय एजेंट्स का रोल बता रहे हैं। सिख्स फॉर जस्टिस नाम के संगठन ने तो चेतावनी दी है कि भारतीय अधिकारी जहां भी जाएंगे, हम वहां प्रदर्शन करेंगे। सिख्स फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू है। वह कई बार भारत को धमकी दे चुका है। हाल ही में उसने एयर इंडिया के विमानों को भी निशाना बनाने की धमकी दी थी। इसी संगठन ने कनाडा में कई जगहों पर पोस्टर भी लगाए थे और भारतीय अधिकारियों को कैंप बंद करने की धमकी दी थी।



# नूंह में फिर हिंसा, कुआं पूजन करने जा रही महिलाओं पर हुआ पथराव

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में एक बार फिर हिंसा हुई है। इलाके में तनावपूर्ण माहौल है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुआं पूजन करने जा रही महिलाओं पर कथित तौर पर मदरसे से कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव के कारण पूजा करने जा रही 9 महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

महिलाओं पर हुए हमले से लोगों के अंदर आक्रोश है। रिपोर्ट के अनुसार, हमले में 9 महिलाएं जख्मी हुई हैं। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने अन्य उपद्रवियों के साथ 3 आरोपी नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

मामले की सूचना मिलने के बाद नूंह के एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वहां के लोगों का शांत कराया है। पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामले में नूंह पुलिस अधीक्षक बिजारनिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शिकायत मिली है कि कुंआ पूजन करने जा रही महिलाओं पर मदरसे के कुछ बच्चों ने पथराव कर दिया। इस घटना के बाद से दोनों समुदाय के लोग वहां आ गए। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लोगों से अपील किया जा रहा है कि वे शांति बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा कि जो भी इस मामले में दोषी हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, किसी भी महिला को अधिक चोट नहीं आई है।

**हमले में 9 महिलाएं जख्मी हुई**

**जुलाई में हुई थी हिंसा, 6 लोगों की चली गई थी जान**-इससे पहले 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल शोभा यात्रा कथित तौर पर भीड़ ने हमला कर दिया था। जिसके कारण यहां हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा के कारण दो जवान और मौलवी सहित कुल 6 लोगों की जान चली गई थी। फिलहाल हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस कोशिश में है कि मामले को जल्द से जल्द शांत करा दिया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट के कामकाज की जानकारी देने के लिए न्यूजलेटर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी उपलब्धियों को बताने और अदालत के कामकाज के बारे में जानकारी मुहैया कराने के लिए एक मासिक न्यूजलेटर शुरू किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने पहले अंक के प्रकाशन की घोषणा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट क्रानिकल में कोई भी न्यायालय के इतिहास, हमारे कानूनी परिदृश्य को परिभाषित करने वाले प्रमुख निर्णयों को देखने के साथ ही प्रमुख व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट क्रानिकल कोर्ट के कामकाज के बारे में जानकारी का एक प्रमुख स्त्रोत बन जाएगा और पाठकों को अदालत कक्ष के भीतर और बाहर की गतिविधियों के बारे में जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह न्यूजलेटर न्याय वितरण की सहयोगात्मक प्रक्रिया पर प्रकाश डालेगा और पाठकों को कोर्ट की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताएगा। यह कोर्ट के लिए पारदर्शिता, जुड़ाव और प्रगति के एक नए युग का भी प्रतीक है।

**सीजेआई बोले- नए युग का प्रतीक**

# कांग्रेस का तेलंगाना में 6 गारंटियों का वादा

**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के शुक्रवार 17 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में 6 गारंटी 'अभय हस्तम' देने का वादा किया है। पार्टी ने महिलाओं और किसानों पर फोकस करते हुए कई योजनाओं को मैनिफेस्टो में शामिल किया है। कांग्रेस ने बेघरों और छात्रों को 5 लाख रुपए देने का वादा किया है। साथ ही महिलाओं हर महीने ढाई हजार रुपए और फ्री बस यात्रा की सुविधा देने की बात कही है। वहीं राज्य के सभी किसानों के लिए 15 हजार देने की घोषणा की है। इस मौके पर टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और नेता प्रतिपक्ष बट्टी विक्रमार्का हैदराबाद के गांधी भवन में मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान या बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। कर्नाटक की महिलाएं राज्य में आज कहीं भी जा सकती हैं। बस में मुफ्त यात्रा के कारण कर्नाटक में महिलाएं विभिन्न मंदिरों में जा रही हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी को लागू करेंगे।

## पीजी पाठ्यक्रमों के लिए यूजीसी का नया मसौदा तैयार

# चार साल की स्नातक डिग्री वाले कर सकेंगे एक वर्षीय पीजी कोर्स

**नई दिल्ली।** चार साल की स्नातक डिग्री वाले छात्रों को एक साल की पीजी डिग्री हासिल करने की अनुमति दी जा सकती है।

पीजी पाठ्यक्रमों पर यूजीसी मानदंडों के मसौदे के अनुसार, सभी पीजी छात्र विषयों को बदलने या ऑफलाइन, दूरस्थ, ऑनलाइन और हाइब्रिड सहित सीखने के अन्य विकल्प भी चुन सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पीजी पाठ्यक्रमों के लिए एक मसौदा पाठ्यक्रम तैयार किया है, जिसे जल्द ही सार्वजनिक किया जा सकता है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में की गई सिफारिशों के अनुसार, शोध के साथ आनर्स, आनर्स के साथ चार साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों के लिए एक साल का मास्टर डिग्री कार्यक्रम हो सकता है।

**पीजी के लिए तीन कोर्स-** मसौदे में पीजी के लिए तीन कोर्स डिजाइन किए गए हैं। इसमें एक वर्षीय मास्टर डिग्री, दो वर्षीय मास्टर डिग्री और एक पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम शामिल है। हालांकि, चार वर्षीय यूजी में स्नातक (आनर्स) और स्नातक (अनुसंधान के साथ आनर्स), कार्य अनुभव का श्रेय, एआई, मशीन लर्निंग आदि जैसे उभरते विषयों के साथ संयोजन किया गया है।

# देश-प्रदेश

उवाच

## तेलंगाना में आएगा कांग्रेस का तूफान

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के समर्थन का तूफान आने वाला है और सत्तारूढ़ बीआरएस बुरी तरह हारेगी। खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना है और उसके बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को बाहर किया जाएगा।



### ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और मालवा में हुई हिंसक घटनाएं

# शिवराज-कमलनाथ दोनों ने किया जीत का दावा



### नए मतदाताओं, महिलाओं और बुजुर्गों में दिखा उत्साह ▪ विधायक मालिनी गौड़ के बेटे ने की मारपीट, वीडियो वायरल

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज मतदान करने के बाद अपनी-अपनी सरकार बनने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं पर भरोसा जताते हुए कहा कि जनता प्रदेश के विकास के लिए एक बार फिर भाजपा को वोट करेगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भी प्रदेश के मतदाता पर पूरा भरोसा है, उन्होंने कहा कि मतदाता सच्चाई का साथ देंगे। इसके साथ ही कमलनाथ ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वो कई स्थानों पर पैसा, पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है।

नए युवा मतदाताओं, महिलाओं और बुजुर्गों में मतदान के प्रति खासा उत्साह देखा गया। राज्य भर से देर रात तक प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 74 फीसदी मतदान हुआ है।

**प्रसव पीड़ा के बीच गर्भवती ने डाला वोट-** राजधानी में एक गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा के दौरान वोट डालने पहुंची, इसके कुछ देर बाद ही अस्पताल में स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया है। दरअसल करोद वार्ड क्रमांक 78 की सानिया शेख पत्नी सोहेल शेख को संभावित प्रसाव की तारीख 17 नवंबर की तारीख दी थी। इस दौरान प्रसव पीड़ा के बाद भी अपने महिला ने अस्पताल जाने के पहले अपने मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किया। उसके बाद अस्पताल पहुंचकर प्रसव करवाया गया।

## नकुलनाथ को मतदान केन्द्र जाने से रोका

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद पुत्र नकुलनाथ को यहां एक मतदान केन्द्र पर जाने से रोका गया। जिसके बाद अंदर गए बिना लौट गए। नकुलनाथ के पिता कमलनाथ छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी है। उनके सामने भाजपा ने विवेक साहु को मैदान में उतारा है। नकुलनाथ राजपाल चौक स्थित पोलिंग बूथ पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विजय पांडेय ने उन्हें वार्ड 25 बरारीपुरा के बूथ 25 के अंदर जाने नहीं दिया। इसके बाद वहां हंगामा हो गया। विवाद बढ़ता देख नकुलनाथ बूथ में अंदर गए बिना वापस लौट गए।

## भिंड, लहार अटेर और सुमावली के प्रत्याशियों को किया नजर बंद

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भिंड, लहार, अटेर और सुमावली के प्रत्याशियों को नजर बंद कर लिया था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके।

बताया जाता है कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए कांग्रेस प्रत्याशी राकेश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह कुशवाह और बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी संजीव सिंह को नजरबंद कर दिया गया है। इन सभी लोगों को सर्किट हाउस में बैठाया गया है। इसी प्रकार लहार विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविन्द सिंह, बसपा प्रत्याशी रसाल सिंह और भाजपा प्रत्याशी अम्बरीश शर्मा को सर्किट हाउस में नजर बंद किया गया है। भिण्ड जिले की मेहगांव और गोहद विधानसभा में किसी भी प्रत्याशी को नजर बंद नहीं किया गया है। प्रशासन ने मतदान के दौरान शांति बनी रहे इसलिए यह व्यवस्था की है। अटेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे, भाजपा प्रत्याशी अरविन्द्र भदौरिया और भाजपा प्रत्याशी के बडे भाई देवेन्द्र भदौरिया को सर्किट हाउस के समर हाउस में नजर बंद किया गया है। इसी तरह सुमावली के कांग्रेस प्रत्याशी अजब सिंह कुशवाह, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एंदल सिंह कंसाना और बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कुलदीप सिंह सिकरवार को नजरबंद कर दिया गया है।

## मतदान से पहले पार्षद की हत्या, भाजपा प्रत्याशी सहित 20 पर मामला दर्ज

छतरपुर जिले में मतदान से पहले शुक्रवार तड़के भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के दौरान एक पार्षद की मौत हो गई। मृतक की पहचान खजुराहो के मंजूर नगर गांव के निवासी सलमान खान के रूप में हुई, जिसे कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और उनके समर्थकों से जुड़े वाहनों ने कुचल दिया था। इस मामले में पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया सहित उनके 20 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना राजनगर विधानसभा क्षेत्र में रात करीब 2 बजे हुई। इस घटना के वक्त पीड़ित के साथ राजनगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा भी थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन ने इस घटना को लेकर कहा कि यह मतदान पूर्व की घटना है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## मतदान केंद्र पर करंट लगने से 1 की मौत, 3 गंभीर घायल

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र पर करंट लग जाने से 1 की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हरदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना ग्राम धनगांव स्थित मतदान केन्द्र पर घटी, जहां शुक्रवार सुबह 8 बजे के करीब 4 लोग करंट की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मतदान केन्द्र पर अधिकारियों ने टेंट निकालने को कहा गया था, जिसके बाद जब लोग टेंट दूसरे स्थान पर रखने लगे, इसी दौरान टेंट के पाईप हाईटेंशन लाईन से टकरा गए, इस हादसे में 4 लोग बुरी तरह से झुलस गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनमें से सुनील पिता भूरेलाल (27) की मृत्यु हो चुकी थी। वहीं सचिव अनिल विश्नोई, ब्रज विश्नोई, सहित कैलाश नाम के 3 व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। मृतक के भाई लोकेश विश्नाई ने बताया कि वह पहचान पत्र नहीं लाया था, जिसे लेने के लिए वह घर जा रहा था। कि पुलिकर्मियों ने उससे टेंट हटाने के लिए कहा था। मैंने बूथ से बाहर निकलकर देखा तो 4 लोग टेंट सेस चिपके पड़े थे। मेरे भाई की मौत हो गई थी, हम लोगों को जिला अस्पताल लेकर आए , इनमें 3 बुरी तरह करंट से झुलस गए थे। इस मामले में कलेक्टर ने अधिकारियों से बात कर जानकारी ली है।


## विक्रांत भूरिया के वाहन पर हुआ पथराव, गाड़ी के कांच फूटे, सुरक्षाकर्मी घायल




**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. विक्रांत भूरिया के वाहन पर गुरूवार रात में जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर अंतरवेलिया में पथराव किया गया। अज्ञात लोगों द्वारा किए गए पथराव में उनके वाहन क्रमांक एमपी 45 सी 1818 के कांच फूट गए और उनके सुरक्षाकर्मी को गंभीर चोट आई है। डॉ. विक्रांत ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर वापस आ रहे थे। उनके साथ स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। घटना के बाद वे अपने समर्थकों के साथ झाबुआ पुलिस कोतवाली पहुंचे तो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। कांग्रेस के कद्दावर आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया के पुत्र और युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने जानकारी देते हुए कि वे अपने कार्यकर्ताओं से मिलने ग्राम अंतरवेलिया गए थे। वहां पर कुछ लोगों ने जबरदस्त पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसमें गाड़ियों के कांच भी फोड़ दिए गए। उनके सुरक्षाकर्मी जयसिंह ठाकुर (45 वर्ष) को गंभीर चोट आई है। उनके पीएसओ को कांच फोड़ कर पीछे से पत्थर लगा है।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

## बढ़ा मतदान प्रतिशत, भाजपा को महिलाओं का मिला आशीर्वाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विधानसभा चुनाव में हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ने को भाजपा के पक्ष में बताया है। मतदान प्रतिशत 75 से ऊपर 80 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। उन्होंने मीडिया से कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने के पीछे पार्टी द्वारा चलाए गए मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी अभियान को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी अभियान के साथ 41 लाख से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक परिश्रम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति व संगठन तंत्र की मजबूती, पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता द्वारा 64,530 बूथों पर की गई, मेहनत का परिणाम है कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। छतरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस पार्षद की हत्या के आरोप को पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ने झूठा बताया है।

## शिवराज ने कहा- पूरा करेंगे हर संकल्प, मप्र को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** सीहोर जिले में अपने ग्रह ग्राम जैत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि भाजपा की सरकार पिछले 18 वर्षों में प्रदेश के विकास के अभूतपूर्व काम किए है, बीमारू प्रदेश को विकसित राज्य बनाया है। उन्होंने कहा कि अब हम मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना चाहते हैं, देश का। उन्होंने कहा है कि हमने जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, उनसे लोगों जिंदगी में बदलाव हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि इन कामों को लगातार जारी रखने के लिए आपको भाजपा को आशीर्वाद देना है। उन्होंने यहां 3 बातों का जिक्र करते हुए बताया कि अब तक जो किया है जनता वो जानती है। इसके अलावा आगे जो हमारी प्राथमिकता है वो हमने संकल्प पत्र में बताया है। श्री चौहान महिलाओं के जीवन को खुशहाल बनाने, शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था में और विकास करना और किसान के जीवन में समृद्धि लाना तथा गरीब कल्याण हमारा संकल्प है। संकल्प पत्र की एक एक बार तो पूरा किया जाएगा।



## कमलनाथ ने लगाया पैसा, पुलिस, प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में मतदान के बाद कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश मतदान कर रहा है और मुझे प्रदेश पर विश्वास है कि वो प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए सच्चाई को वोट देंगे। बाद में भोपाल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कमलनाथ ने कहा कि भाजपा के पास अभी भी कुछ घंटों तक पुलिस पैसा और प्रशासन है, मुझे लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लोगों ने वीडियो भेजे हैं और वीडियो कॉल किए है वो क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इतनी सीटें आएंगी, मैं यह बात जनता पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि 3 तारीख को परिणाम सामने आ जाएगा।



कमलनाथ ने कहा कि इंदौर-1 में थाने में झगड़ा फसाद किया, इस बात की शिकायत मैने पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। कमलनाथ ने पत्रकारों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक मुरैना भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जब भाजपा के पास कुछ कहने के लिए नहीं है तो वो हमपर जबरन आरोप लगा रहे हैं।

## वरिष्ठ साहित्यकार यात्री का निधन



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार से.रा. यात्री का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने कवि नगर, गाजियाबाद के अपने घर पर अंतिम सांस ली। वे कुछ समय से बीमार थे। 10 जुलाई 1932 को उप्र के मुजफ्फरनगर में जन्मे सेवाराम यात्री साहित्य की दुनिया में से.रा.यात्री के नाम से मशहूर हुए। उन्होंने करीब 18 कथा संग्रह, 33 उपन्यास, दो व्यंग्य संग्रह लिखे। इसके अलावा एक कथा संग्रह और संस्मरण कृति का संपादन किया। उनके उपन्यासों में दराजों में बंद दस्तावेज, लौटते हुए, कई अंधेरों के पार, अपरिचित शेष, चांदनी के आरपार, बीच की दरार, टूटते दायरे, चादर के बाहर, प्यासी नदी, भटका मेघ, आकाशचारी, आत्मदाह, बावजूद, अंतहीन, प्रथम परिचय, जली रस्सी, युद्ध अविराम, दिशाहारा, बेदखल अतीत, सुबह की तलाश, घर न घाट, आखिरी पड़ाव, एक जिंदगी और, अनदेखे पुल, कलंदर, सुरंग के बाहर, कथा संग्रह में केवल पिता, धरातल, अकर्मक क्रिया, टापू पर अकेले, दूसरे चेहरे, अलग-अलग अस्वीकार, काल विदूषक, सिलसिला, अकर्मक क्रिया, खंडित संवाद, नया संबंध, भूख तथा अन्य कहानियाँ, अभयदान, पुल टूटते हुए, विरोधी स्वर, खारिज आदि पुस्तकें शामिल हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने फकीर से पिटकर लिया आशीर्वाद, कमाल रजा ने चप्पलों से लगाई मार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए उम्मीदवार हर तरीके के उपाय अपना रहे थे। राजनीतिक दल एक तरफ लोक लुभावन घोषणाओं से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में लगे हैं तो वहीं प्रत्याशी भी अपने व्यक्तिगत स्तर पर जीत की जुगत में लगे थे। कोई मंदिर में माथा टेक रहा था तो कोई बाबा-फकीरों के आशीर्वाद के सहारे रहा। इस बीच मतदान से पहले रतलाम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पारस सकलेचा का एक अनोखा वीडियो देखने को मिला। इसमें सकलेचा चप्पलों से पिटते नजर आए। दरअसल, व्यापमं घोटाले के व्हिसलब्लोअर और पूर्व विधायक पारस सकलेचा रतलाम सिटी विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच सकलेचा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बुजुर्ग कांग्रेस प्रत्याशी को चप्पल से पीट रहा है। यही नहीं, सकलेचा भी प्रेम से पिटते नजर आ रहे हैं। हर कोई इस वीडियो को देख अवाक रह गया। लेकिन हकीकत कुछ और ही निकली। बताया गया कि रतलाम में बाबा कमाल रजा नाम के एक फकीर बहुत प्रसिद्ध हैं। वह महू नीमच रोड पर ही घूमते रहते हैं। फकीर कमाल रजा अपने पास मुराद लेकर आने वाले लोगों को चप्पलों से पीटकर आशीर्वाद देते हैं। अपनी फरियाद लेकर फकीर के पास आने वाले तमाम लोग नई चप्पलें भी पिटने यानी आशीर्वाद के लिए लेकर आते हैं।



माना जाता है कि कमाल रजा के आशीर्वाद देने का यह तरीका फरियादियों को बहुत फलता है। इससे लोगों के जीवन में सफलता आती है और कष्ट दूर होते हैं। यही वजह है कि सड़क पर घूमने वाले फकीर को लोग ढूंढते रहते हैं और उनके मिलते ही चप्पलों से पिटने की ख्वाहिश जताते हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश के देवरहा बाबा भी अपने अशीर्वाद देने के तरीके से प्रसिद्ध थे। वह मचान पर बैठे-बैठे नीचे खड़े श्रद्धालुओं को पैर के अंगूठा से आशीर्वाद देते थे। देवरिया जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर सरयू नदी किनारे देवसिया गांव में बाबा का आशीर्वाद लेने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेलेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेयी समेत मुख्यमंत्री रहे लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव तक जाते थे।

## कुमारस्वामी को बिजली चोरी के लिए 68,526 रुपये जुर्माना भरना पड़ा

### कांग्रेस पर लगाया राजनीतिक साजिश का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने चोरी की बिजली के लिए 68,526 रुपये का जुर्माना अदा किया है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए बिजली चोरी के आरोप को अन्यायपूर्ण और अत्यधिक बताया है। कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दिवाली के दौरान जेपी नगर स्थित अपने आवास को रोशन करने के अवैध बिजली कनेक्शन लिया था, लेकिन उसका जुर्माना उन्होंने अदा कर दिया है। जनता दल (सेक्युलर) की राज्य इकाई के अध्यक्ष कुमारस्वामी ने जुर्माना राशि की गणना के तरीके का विरोध किया और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में खामियां पाईं। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर होने के कारण उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया।

**कुमारस्वामी ने बिजली ठेकेदार को दोषी ठहराया-** सतर्कता पुलिस स्टेशन के सहायक कार्यकारी अभियंता को लिखे एक पत्र में कुमारस्वामी ने अपने कर्मचारियों द्वारा नियुक्त बिजली ठेकेदार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, यह पता चलने के तुरंत बाद मैंने अपने कर्मचारियों को बिजली के खंभे से तार काटने के लिए सूचित किया। जब आवास को दिवाली के दौरान सजाया जा रहा था तब मैं घर पर नहीं था। मैं उस समय रामनगर जिले में अपने घर पर था। इलेक्ट्रीशियन ने मेरी जानकारी के बिना स्वतंत्र रूप से काम किया। कुमारस्वामी ने कहा, उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर खामियों से भरी है, क्योंकि शिकायत बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड के सहायक कार्यकारी अभियंता द्वारा की गई है। उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से बिजली चोरी होते हुए देखा था, लेकिन तथ्य दावे के विपरीत थे।

## ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एएसआई ने और मांगा 15 दिन का समय

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का काम पूरा हो चुका है। कोर्ट ने सर्वे के काम को पूरा करने के लिए 17 नवंबर तक का समय दिया है। शुक्रवार (आज) दोपहर 2.30 बजे जिला अदालत में इस मामले की सुनवाई होनी है। इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम (एएसआई) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कोर्ट से 15 दिन का समय मांगा है। स्ह्ढ की ओर से जिला जज की अदालत में एक अर्जी दाखिल की गई है।

**5 महिलाओं की याचिका पर कराया गया सर्वे-** ज्ञानवापी मामले में 5 महिलाओं ने श्रृंगार गौरी समेत अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में कहा गया कि यहां कई हिंदू देवी-देवता विराजमान हैं जिन्हें मलबे से ढक दिया गया है। इसी याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराने का आदेश दिया था। कोर्ट कमीशन के सर्वे में यहां वुजुखाने में एक आकृति मिली जिसे हिंदू पक्ष ने शिवलिंग बताया। हालांकि मुस्लिम पक्ष ने इस आकृति को फव्वारा बताया। इसके बाद मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया।

**हिंदू और मुस्लिम पक्ष को दी जाएगी सर्वे रिपोर्ट-** एएसआई की ओर से सर्वे की रिपोर्ट कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में सौंपी जाएगी। कोर्ट से इस रिपोर्ट की कॉपी हिंदू और मुस्लिम पक्ष हासिल कर सकेंगे। बता दें कि ज्ञानवापी में सर्वे का काम कई बाद रोका गया और उसकी तिथि को आगे बढ़ाया गया। वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृ?ण विश्?वेश की अदालत ने 21 जुलाई को ज्ञानवापी मस्जिद के सील वजूखाने को छोड़कर बाकी सभी हिस्?से और तहखानों का सर्वे करने का आदेश एएसआई को दिया था।

**सर्वे में शामिल हुए देशभर के एक्सपर्ट-** एएसआई ने सर्वे के लिए देशभर के विशेषज्ञों को टीम में शामिल किया। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल भी किया गया। एएसआई की टीम में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में सारनाथ, प्रयागराज, पटना, कोलकाता और दिल्ली के पुरातत्व विशेषज्ञों ने सर्वे का काम किया।

# अभिमत

# मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे



डॉ.अजीत रानाडे

इस महीने की शुरुआत में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के रूप में जानी जाने वाली मुफ्त भोजन योजना को पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। इस घोषणा का अनुमोदन अभी कैबिनेट में होना है। यह योजना अपने वर्तमान स्वरूप में पिछले कैबिनेट निर्णय के अनुसार दिसंबर 2023 में समाप्त होने वाली है। उम्मीद थी कि कैबिनेट के अनुमोदन के बाद यह योजना अब इसे दिसंबर से आगे पांच साल तक बढ़ा दी जाती पर खाद्य मंत्रालय का आदेश एक वर्ष की अवधि का उल्लेख करता है। इसके तहत भारत की 81.4 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन प्रदान दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई का आरंभ कोविड-19 महामारी के दौरान खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे परेशान परिवारों को आपातकालीन राहत प्रदान करने के लिए किया गया था। इसे 2013 में पारित पहले से मौजूद खाद्य सुरक्षा कानून (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के साथ जोड़ा गया था, जो पात्र परिवारों को अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्रदान करता था, जिसमें ग्रामीण भारत का दो तिहाई और शहरी भारत का आधा हिस्सा शामिल था।

खाद्य सुरक्षा कार्यकर्ताओं के एक दशक से अधिक लंबे अभियान के बाद एनएफएसए को संसद में पारित किया गया था जो भुखमरी और भूख के साथ सह-अस्तित्व वाले सरकारी अनाज भंडार में एकाधिकार खरीद योजना के कारण अनाज के बढ़ते स्टॉक से चिंतित थे। कोविड के दौरान सरकार ने एनएफएसए के तहत पात्रता को दोगुना कर दिया और दोगुना आबंटन पूरी तरह से मुफ्त कर दिया। इसलिए 'अत्यधिक सब्सिडी' में मिलने वाले यानी क्रमश: 3, 2 और 1 रुपये प्रति किलो वाले चावल, गेहूं और मोटे अनाज लाभार्थियों को पूरी तरह से मुफ्त में मिलने लगे। इस सीमा तक सरकार पर वृद्धिशील राजकोषीय बोझ कम था क्योंकि अनाज पर वैसे भी अत्यधिक सब्सिडी दी जा रही थी। यह मुफ्त अनाज योजना ही है जिसने बड़ी संख्या में परिवारों को उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से सुरक्षा दी है। यदि इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में एक निश्चित राशि दी जाती है तो खाद्यान्न की बढ़ती लागत उन्हें तेजी से अवहनीय बना देगी।

पीएमजीकेएवाई (जिसका नाम कोविड के पहले आवश्यक एनएफएसए प्लस समान आबंटन था) को चार चरणों में कई बार विस्तारित करने के बाद सरकार ने अतिरिक्त घटक (जिसने पात्रता को दोगुना कर दिया था) को बंद करने का फैसला किया और अब केवल एनएफएसए कानून द्वारा गारंटीकृत घटक देता है। लेकिन इसकी कीमत 3, 2 या 1 रुपये तय करने के बजाय यह पूरी तरह फ्री हो गई है और एनएफएसए का नाम बदलकर (शायद अनौपचारिक रूप से) पीएमजीकेएवाई कर दिया गया है। अब एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री की घोषणा के कारण इसने एक चुनावी वादे को पूरा करने की छवि हासिल कर ली है। लेकिन अगर कैबिनेट वैसे भी 'मुफ्त' योजना को पांच साल तक बढ़ाने जा रही थी तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया? ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ दल को ऐसी योजना के लिए श्रेय लेने में अनुचित लाभ मिलता है जिसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा पारित किया जाना चाहिए था।

इससे संबंधित कई मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने और बोलने की जरूरत है। सबसे पहले, यह निर्णय देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 110 खरब रुपये की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। क्या यह आर्थिक रूप से टिकाऊ है? क्या मुफ्त देने के बजाय अनाज की कीमतों को थोड़ा अधिक बढ़ाया नहीं जा सकता है? यहां तक कि एनएफएसए में भी कीमतों में संशोधन की परिकल्पना की गई थी। 2015 से 2022 के दौरान औसत खाद्य मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें भी सिर्फ गेहूं की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है। सरकार को विभिन्न प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए करीब 10 करोड़ टन अनाज की वार्षिक खरीद का प्रबंधन करना होगा। अनाज मंडी के खरीद पक्ष पर इतना बड़ा एकाधिकारवादी हस्तक्षेप स्थिति को अत्यधिक बिगाड़ने वाला साबित होगा। भंडारण और वितरण के बोझ के बारे में तो बात नहीं करते हैं। इसके अलावा गेहूं और चावल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का बोझ बढ़ता रहेगा। क्या खरीद का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है और इसे राज्यों को दिया जा सकता है? क्या कुछ योजनाओं को नकद के प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

दूसरा मुद्दा भूख और कुपोषण के बारे में है। वार्षिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स रैंकिंग में भारत को मिलने वाले खराब रैंक पर भारतीय अधिकारियों को आपत्ति है। वे शिकायत करते हैं कि सूचकांक बच्चों के शारीरिक विकास और बौनेपन को अनुचित महत्व देता है और यह कि भारत में कुपोषण की समस्या है, भूख की समस्या नहीं। शब्दार्थ को छोड़ दें तो निश्चित रूप से सरकारी नीति में केवल अनाज पर ही नहीं बल्कि सूक्ष्म पोषक तत्वों, दूध, अंडे या मांस के रूप में प्रोटीन के संतुलित सेवन और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। नीति आयोग ने बहु-आयामी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए अनुमान लगाया है कि गरीबी 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यदि ऐसा है तो फिर 58 प्रतिशत भारतीयों को मुफ्त भोजन क्यों मिल रहा है? या यहां तक कि अगर उनकी खाद्य सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करना है, तो क्या यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा बेहतर नहीं होगा?

तीसरा मुद्दा यह है कि क्या हमें खाद्य और पोषण सुरक्षा के संबंध में लक्ष्य केन्द्रीत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। एनएफएसए राशन वितरण, दुकानों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाता है और सार्वभौमिक बन गया है। वास्तव में पहले संस्करण में एनएफएसए को केवल 100 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया जाना था। इसे चुनावी हथकंडे के रूप में पूरे देश में लागू किया गया।

1960 के दशक से लागू मूल पीडीएस को 1990 के दशक के मध्य में लक्षित पीडीएस (टीपीडीएस) के साथ बदलकर सुधार करने की मांग की गई थी। लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार के संसाधनों का उपयोग करते हुए देश के कुछ (पिछड़े) क्षेत्रों का पक्ष लेने के लिए कठोर राजनीतिक निर्णयों की आवश्यकता है। चूंकि प्रमुख रूप से उत्तरी राज्यों और हिंदी बेल्ट में अधिक पिछड़ापन है इसलिए इस तरह का लक्ष्य केन्द्रित दृष्टिकोण अंतर-राज्य निष्पक्षता और संघवाद को सहकारी और निष्पक्ष तरीके का मार्गदर्शन करने जैसे जटिल मुद्दों को उठाता है। बहरहाल यह तय है कि सार्वभौमिक एनएफएसए में कुछ सुधार करने की आवश्यकता है।

चौथा मुद्दा यह है कि क्या यह खाद्य सुरक्षा प्रणाली में व्यापक आमूलचूल परिवर्तन का समय है। एकाधिकार खरीद प्रणाली का उद्देश्य तीन उद्देश्यों को पूरा करना है- किसानों को (समय-समय पर संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से) पर्याप्त मूल्य का भुगतान, गरीब परिवारों को (उनके राशन पात्रता के माध्यम से) खाद्य सुरक्षा और (कीमतों पर नीचे की ओर दबाव डालने के लिए बाजार में आवधिक थोक बिक्री के माध्यम से) खाद्य मूल्य स्थिरता। मतलब एक तीर से तीन शिकार।

इसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जैसे कि पंजाब में गहन रासायनिक खेती जो अप्रत्यक्ष रूप से पराली जलाने से जुड़ी हुई है। उच्च भंडारण लागत और परिणामस्वरूप नुकसान। राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

**राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।**

## बीता सप्ताह

**11 नवंबर**
- आईसीसी, सीआरपी व साक्ष्य में बदलाव करने गृह मामलों की स्थायी समिति ने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनकड़ को सौंपी रिपोर्ट।
- पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेवेलो चुनाव कराने की घोषणा की।
- रूस में गायब हुआ ए एन-2 विमान रूस के चुकोतका में मिला।
- विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर से बढ़कर 590.8 रुपए डॉलर हुआ।

**12 नवंबर**
- भारत दुनिया के मुकाबले नवंबर 21 से अक्टूबर 23 तक तीन गुना तापमान बढ़ा। हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा।
- दीपोत्सव पर अयोध्या नगरी में 24 लाख दीए जलाए गए।
- पूर्वी इंडोनेशिया में मालकु में 6.2 रिएक्टर तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकम्प आया।
- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित की गई।

**14 नवंबर**
- मणिपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया।
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वासुदेव आचार्य का निधन हो गया।
- ब्रिटेन मंत्रिमंडल में हुआ बड़ा उलटफेर। गृहमंत्री सुएला बेवरमैन को बर्खास्त किया गया।
- पाकिस्तानी गेंदबाजी कोच मोर्ने मेर्विल ने पुरुष टीम की गेंदबाजी कोच से इस्तीफा दे दिया।

**15 नवंबर**
- देश के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पृथ्वी राज सिंह (पीआरएस) ओबेरॉय का निधन हो गया।
- दिल्ली में 42वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरु हुआ।
- संसदीय समिति पैनल ने सरकार से सिफारिश की है कि -व्यभिचार को फिर अपराध की श्रेणी में लाया जाए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सिनेटर टिम स्कॉट बाहर हो गए।

**16 नवंबर**
- जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में सड़क हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में कदम रखा।
- साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार-2023 प्रदान किया गया।
- मिलावटी खाद्य पदार्थ बेजने वाले को 6 माह की जेल व न्यूनतम 25 हजार रुपए जुर्माना होगा-संसदीय समिति ने सिफारिश की।

**17 नवंबर**
- मध्यप्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ के 70 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच।
- चीन के शाक्सी प्रांत के एक इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- दक्षिण कोरिया में गैस रिसाव से एक रेस्तरां में पांच नागरिक घायल हो गए।

# प्रौद्योगिकी संस्थान में भी असुरक्षित हैं महिलाएं

■ संदीप पाण्डेय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' में इस समय तूफान बरपा हुआ है। 1-2 नवम्बर की रात डेढ़ बजे परिसर के अंदर एक छात्रा को उसके पुरुष सहपाठी से अलग कर तीन मोटरसाइकिल सवारों ने उसका चुम्बन ले उसे निर्वस्त्र कर मोबाइल पर उसकी तस्वीर खींची। छात्रा के मजिस्ट्रेट व विवेचना अधिकारी के सामने दिए गए बयान के बाद अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की धारा भी मुकदमे में जोड़ दी गई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले एक अन्य छात्रा के साथ भी ऐसी दुर्घटना हुई थी। छात्र-छात्राओं के जबरदस्त विरोध के बाद विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' की सीमा पर एक दीवार खड़ी करने की सोच रहे हैं।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र-छात्रा नाराज हैं। उनका सवाल है कि क्या विश्वविद्यालय में अन्य छात्राएं नहीं हैं जिनकी सुरक्षा की चिंता भी होनी चाहिए? फिर सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय के बाहर गांवों या वाराणसी शहर में रहने वाली लड़कियों को क्यों छोड़ा जाए? क्या इन सभी की सुरक्षा की चिंता नहीं होनी चाहिए? क्या प्रौद्योगिकी संस्थान के बाहर की लड़कियों को छेड़ने वालों के लिए छोड़ दिया जाएगा? और यह भी सवाल है कि प्रौद्योगिकी संस्थान के अंदर क्या यह सम्भव नहीं कि किसी लड़की या महिला का किसी पुरुष प्रोफेसर, कर्मचारी या छात्र द्वारा यौन शोषण हो?

'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'चिकित्सा संस्थान' में 2012 में एक प्रोफेसर को छात्रा के यौन शोषण के आरोप में समय से पहले सेवानिवृत किया गया था। इस तरह की और भी दुर्घटनाएं इस विश्वविद्यालय परिसर में हो चुकी हैं। 2017 में एक छात्रा के यौन शोषण के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लड़कियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर कुलपति गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने पुलिस से लाठी चलवाई तो उन्हें लम्बी छुट्टी पर भेजकर उन्हें सेवानिवृत किया गया। इसी वर्ष 22 मई को एक महिला दलित सहायक प्रोफेसर ने आरोप लगाया है कि उसके विभाग के ही दो प्रोफेसरों, जिनमें एक महिला है, व दो छात्रों ने उसका यौन शोषण किया जिसकी प्राथमिकी पुलिस ने 27 अगस्त को तब दर्ज की जब इस महिला ने अनुसूचित जाति आयोग, शिक्षा मंत्रालय व मुख्यमंत्री, आदि कई जगह शिकायत की।

2014 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' के सिविल अभियांत्रिकी विभाग की अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर जो विभागाध्यक्ष व डीन भी रहे, पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसे पहले परिसर स्थित मंदिर पर चाय पिलाई, फिर विश्वविद्यालय के बाहर लंका बाजार में लस्सी पिलाने के बहाने अपने नए बन रहे घर ले गए और वहां उसका चुम्बन लेने और घर के अंदर ले जाने की कोशिश की। संस्थान की 'महिला शिकायत प्रकोष्ठ' द्वारा जांच में शिकायत सही पाए जाने पर निदेशक ने इन प्रोफेसर की सेवा निवृति उपरांत नियुक्ति को रद्द किया। यानी कि प्रौद्योगिकी संस्थान की लड़कियां संस्थान में ही सुरक्षित नहीं तो दीवार बनाकर क्या होगा?

छात्राओं को सोचना होगा कि यह मामला भौतिक सुरक्षा का नहीं है। वह तो जितना किया जा सकता है, किया ही जाना चाहिए, लेकिन जब तक पुरुषों की महिलाओं के प्रति सोच नहीं बदलेगी तब तक उनके लिए यौन शोषण का खतरा बना ही रहेगा। घर के बाहर नहीं तो घर के अंदर भी अपने सगे रिश्तेदार खतरा बन सकते हैं। बेहतर होगा कि महिला सुरक्षा के लिए माहौल बनाया जाए। आखिर विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं व परिसर के बाहर रहने वाली लड़कियों का भी तो उतना ही अधिकार है कि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले। बल्कि परिसर के बाहर तो गांवों में वे महिलाएं रहती हैं जिनके परिवारों ने विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए अपनी जमीनें खाली कीं।

आप देखेंगे कि विस्तृत परिसर जिसमें खुली जगह पर्याप्त है, के चारों ओर घनी आबादी है। ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों से जमीन खाली कराकर उन्हें विश्वविद्यालय के हाशिए पर ढकेल दिया गया। जिन परिवारों ने विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कुर्बानी दी क्या हम उन्हें बाहरी मानकर उनके साथ सौतेला व्यवहार करेंगे? क्या हम विश्वविद्यालय के द्वार बंद कर गांव वालों को उनकी पुरानी जमीनों पर आने से वंचित करेंगे? याद रखें पुराने गांवों के कई पवित्र स्थान इस समय परिसर के अंदर हैं जहां गांव के लोग दर्शन करने आते हैं।

हमें सभी महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सोचना होगा तभी वे सभी जगहों पर सुरक्षित रहेंगी। इसके लिए दोनों स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक तो महिला खुद सशक्त हो तथा अपनी रक्षा खुद कर सके। दूसरा, पुरुषों का नजरिया बदला जाए ताकि वे महिला को बराबर का सम्मान दें, उनके निजता के अधिकार को पहचानें और उन्हें सिर्फ भोग की वस्तु के रूप में न देखें।

ये दोनों ही प्रक्रियाएं समाज में चल रही हैं और देश में 'निर्भया कांड' के बाद काफी गुणात्मक परिवर्तन आया है। अब महिलाएं खुलकर अपने यौन शोषण के बारे में बात कर रही हैं जैसा पहले नहीं करती थीं। अब इसे कोई इज्जत बचाने के नाम पर छुपाता-दबाता नहीं है। पुरुष भी महिलाओं के प्रति पहले से ज्यादा संवेदनशील हैं और भले ही मजबूरी में, लेकिन महिलाओं को समाज में बराबरी का स्थान दे रहे हैं। इन प्रक्रियाओं को और तेज करने की जरूरत है।

सरकारों को भी इस मुद्दे पर संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। यदि महिला पहलवानों के मामले में सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती तो संदेश यही जाएगा कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए एक आरोपी को बचा रही है। ऐसी सरकार पर कौन महिला अपनी सुरक्षा के लिए भरोसा कर सकती है? अपराधी को भी संदेश जाता है कि यदि आप शासक दल के साथ हैं तो आपको कोई चिंता करने की जरूरत नहीं। यही निर्भीकता अपराधियों को 1-2 नवम्बर जैसा दुस्साहस करने की हिम्मत देता है।

जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा। जब सही मायने में पुरुष महिला को बराबरी का स्थान व सम्मान देगा तभी यौन शोषण खत्म होगा।

**(लेखक वैज्ञानिक, समाजकर्मी एवं हैं।)**

**जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा।**

# कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

■ अरुण श्रीवास्तव

कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हें इस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके।

मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं।

उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवत: उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था।

येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि मई के बदतर चुनावी हार के बाद, राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोक्कालिंगा समुदाय को जोड़ने का फैसला किया था। लेकिन यह सफल नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि एचडी देवेगौड़ा की जद (एस) द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला करने के बाद इस विचार को छोड़ दिया गया था क्योंकि वोक्कालिगा देवेगौड़ा का मुख्य समर्थन आधार रहा है। 'जद (एस) के एनडीए में आने के साथ, भाजपा प्रमुख के रूप में वोक्कालिंगा नेता की नियुक्ति व्यवहार्य नहीं थी। जाहिर है, पार्टी को सार्वजनिक चेहरे के रूप में लिंगायत समुदाय से किसी को लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। 'अब विजयेंद्र को राज्य प्रमुख के रूप में स्थापित करने के बाद, नेतृत्व विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्त करने के लिए किसी प्रमुख ओबीसी नेता की तलाश कर रहा है,' एक वरिष्ठ नेता ने कहा।

एक और कारक जो महत्वपूर्ण रूप से सामने आया है वह है संघ परिवार का रवैया। कर्नाटक के आरएसएस कैडरों ने वरिष्ठ येदियुरप्पा को कभी भी बहुत सम्मान नहीं दिया। उन्हें लगता है कि वह भले ही राज्य में लिंगायत समुदाय का चेहरा रहे हों, लेकिन उन्होंने कभी भी सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने की कोशिश नहीं की। संघ की राज्य इकाई के साथ उनके कभी भी सहज और सौहार्द्रपूर्ण संबंध नहीं रहे। जाहिर है, संघ के प्रति वफादार लोगों से विजयेंद्र को समर्थन देने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। कुछ संघ नेता याद करते हैं कि जब उनके पिता मुख्यमंत्री थे तो विजयेंद्र कैसे 'सुपर सीएम' की तरह व्यवहार करते थे। उनका यह भी आरोप है कि उनकी कार्यशैली निचले स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं के राज्य के नेताओं से अलगाव का एक प्रमुख कारण था। कर्नाटक में पार्टी के पतन का यह एक बड़ा कारण था।

लिंगायतों को हिंदुत्व विरोधी प्रवृत्ति वाला माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि लिंगायतवाद की स्थापना हिंदू धर्म की ब्राह्मणवादी व्यवस्था को बाधित करने के लिए की गई थी। सदियों बाद, समुदाय के सामाजिक अभिजात वर्ग और नए मध्यम वर्ग ने संघ परिवार की प्रिय नवउदारवादी और सांप्रदायिक नीतियों को अपना लिया है। अपने विचारों का समर्थन करने के लिए, वे भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बयानों का उल्लेख करते हैं, कि 'हिजाब और हलाल चुनावी मुद्दे नहीं हैं'। येदियुरप्पा से भी उम्मीद नहीं है कि वे किसी भी सामाजिक ध्रुवीकरण वाले मुद्दे को मंजूरी देंगे।

कांग्रेस में भी प्रदेश के नेता राहुल गांधी की वैचारिक लाइन को लागू करने का प्रयास करने के बदले कड़वे सत्ता संघर्ष में शामिल हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' के जरिये राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। लेकिन उनके आरोप को स्वीकार करने वाले कम ही लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा की शिकायत के बाद यह आरोप लगाया था कि भाजपा की एक टीम ने कांग्रेस विधायकों से भगवा पार्टी में जाने के लिए प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपये और एक मंत्री पद की पेशकश के साथ संपर्क किया था।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी कहा, 'एक बड़ी साजिश रची जा रही है, लेकिन इसका फल नहीं मिलेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस विधायकों ने उन्हें और सीएम को सूचित किया था कि कौन उनके संपर्क में है और क्या पेशकश की जा रही है।

वास्तव में, अवैध शिकार का डर इतना गंभीर नहीं है। यह सिद्धारमैया और शिवकुमार के नेतृत्व वाले दो युद्धरत गुटों के बीच की अंदरूनी लड़ाई है जो राज्य में कांग्रेसियों के लिए चिंता का प्रमुख स्रोत रही है। शिवकुमार के समर्थक पार्टी नेतृत्व पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का दबाव बना रहे हैं। उनके समर्थक रणनीति तैयार करने के लिए रात्रिभोज और मिलन समारोह भी आयोजित कर रहे हैं।

अपनी ओर से सिद्धारमैया भी अपने समर्थकों की बैठकें कर रहे हैं। हाल ही में, सिद्धारमैया ने राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर द्वारा आयोजित रात्रिभोज पार्टी में भाग लिया, जहां शिवकुमार अनुपस्थित थे। पिछले रात्रिभोज के साथ ही एक और रात्रिभोज का आयोजन किया गया था, जहां मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा ने दावा किया था कि शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने सुझाव दिया कि रात्रिभोज का उद्देश्य पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीशजारकी होली को शांत करना है, जिन्होंने बेलगावी राजनीति में शिवकुमार की बढ़ती भागीदारी पर असंतोष व्यक्त किया है।

मई में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोग अंदरूनी कलह के खेल में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। दरअसल, जारकीहोली ने पार्टी नेताओं को संदेश भेजने के लिए लगभग 20 समान विचारधारा वाले विधायकों के साथ दुबई की यात्रा करने की योजना बनाई थी, हालांकि कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद मैसूर की पिछली यात्रा रद्द कर दी गई थी।

अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को गुटबाजी के कारण कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पुनर्गठन में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल गांधी की सलाह के बाद प्रदेश कमेटी में नये युवा चेहरों को शामिल करने का फैसला किया गया। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि दोनों नेता सिद्धारमैया और शिवकुमार इस कवायद के इच्छुक नहीं हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में 'नया खून' भरने और मंत्रियों पर काम का बोझ कम करने का कदम अभी तक अमल में नहीं आया है। हालांकि एआईसीसी महासचिव, कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य केंद्रीय नेता समाधान खोजने के लिए नेताओं के साथ बैठकें करेंगे, लेकिन पार्टी में व्याप्त दुश्मनी की प्रकृति एक स्पष्ट संदेश भेजती है कि निकट भविष्य में एक बड़ा टकराव हो सकता है।

**अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है।**

# जबलपुर जिले में बंपर वोटिंग, 74.30 प्रतिशत मतदान हुआ

## महिला और पुरूषों के साथ नये वोटर ने भी उत्साह के लोकतंत्र के महापर्व में डाली आहूती









**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकतंत्र के महापर्व पर जिले की आठ सीटों पर भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान में अपनी आहूति देकर इसे मजबूत बनाने का काम किया। एक तरह से बंफर वोटिंग कर तमाम उम्मीदवारों की किस्मत को ईवीएम में बंद कर दिया। वोटिंग के दौरान सुबह से सभी मतदान केंद्रों में लंबी-लंबी लाईन लग गई थी। इसमें पुरूषों के साथ महिलाओं ने बढ़चढ़कर मतदान में भाग लिया। वहीं पहली बार वोट डालने वाले युवा वोटर भी भारी संख्या में अपने घरों से निकले और अपने मताधिकार का उपयोग किया। बंफर वोटिंग को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने पक्ष में बताते हुये तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना में जीत का दावा किया। यह और बात है कि दोनो पार्टियों के दावे कितने सही साबित होंगे अथवा धाराशाई होंगे। शहर और ग्रामीण अंचल में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवम्बर को हुये मतदान में जिले में लगभग 74.30 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें विधानसभा पाटन - 78.35 प्रतिशत,विधानसभा बरगी - 78.64 प्रतिशत, विधानसभा जबलपुर पूर्व - 66.73 प्रतिशत,विधानसभा जबलपुर उत्तर - 72.12 प्रतिशत,विधानसभा जबलपुर केंट - 68.19 प्रतिशत,विधानसभा जबलपुर पश्चिम - 71.66 प्रतिशत,विधानसभा पनागर - 76.87 प्रतिशततथाविधानसभा सिहोरा - 80.09 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### संभागायुक्त ने वेटरनरी कॉलेज में किया मतदान

संभागायुक्त अभय वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल साउथ सिविल लाइन स्थित मतदान केन्द्र में किया। संभागायुक्त के परिवारजन भी मतदान करने उनके साथ इस मतदान केन्द्र पहुंचे थे। उन्होंने भी लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर मतदान किया।

### कलेक्टर ने महाकौशल कॉलेज में किया मतदान

चुनावी व्यवस्थाओं में लगातार व्यस्त रहने के वाबजूद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने एक जागरूक नागरिक का फर्ज निभाते हुये मतदान के लिये समय निकाला और सिविल लाइन स्थित महाकौशल कॉलेज पहुंचकर यहां बने मतदान केन्द्र पर अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया। कलेक्टर ने इस मतदान केन्द्र पर आम नागरिकों की तरह लाइन में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार किया। महाकौशल कॉलेज में स्थित मतदान केन्द्र पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने भी अपना वोट डाला।

### कलेक्टर एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

विधानसभा चुनाव के लिये हुये मतदान पर की स्थिति पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टगर सौरभ कुमार सुमन लगातार नज़र रखे हुये थे। सुमन सुबह लगभग पॉच बजे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय परिसर पहुंच चुके थे। उन्होनें यहां कम्यूनिकेशन प्ला्न की टीम से प्रत्येंकि मतदान केन्द्रा पर वास्त विक मतदान के पहले होने वाले मॉक पोल के बारे में जानकारी ली। श्री सुमन ने पुलिस अधीक्षक अदित्यप प्रताप सिंह के साथ ठक्कर ग्राम घसिया कालोनी, आनंद नगर अधारताल, भरतीपुरआदि कई केन्द्रों का भ्रमण भी किया तथा मतदान दलों से मतदान के बारे में जानकारी ली। श्री सुमन पुलिस कंट्रोल रूम से भी मतदान की स्थिति पर लगातार अपडेट लेते रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने यहां किया मतदान

भाजपा-सांसद राकेश सिंह परिवार के साथ साइंस कालेज, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिकी लक्ष्मीनारायण स्कूल रांझी,अशोक रोहाणी ने परिजनों के साथ साइंस कालेज सिविल लाइन, अंचल सोनकर लाल स्कूल भरतीपुर, सुशील तिवारी हितकारिणी गोविंद गंज, अभिलाष पांडे हितकारिणी स्कूल सूपाताल मे किया।

कांग्रेस- राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने आर्य स्कूल रसल चौक, महापौर जगत बहादुर अन्नू आरएस बेला स्कूल दशमेश द्वार, तरूण भानोत जानसन स्कूल, लखन घनघोरिया लाल स्कूल दरहाई, विनय सक्सेना केसरवानी कालेज शताब्दीपुरम, अभिषेक चौकसे कन्या स्कूल सदर ने अपना मतदान परिवार के साथ डाला।

#### पाटन

विधानसभा क्षेत्र पाटन में कुल 78.35 प्रतिशत मतदान हुआ । इस विधानसभा क्षेत्र में 77.82 प्रतिशत महिला और 78.84 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया ।

#### बरगी

विधानसभा क्षेत्र बरगी में 80.65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया । यहां 79.74 प्रतिशत महिला और 81.51 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया ।

#### जबलपुर पूर्व

जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल 69.32 फीसदी मतदान हुआ है। इस विधानसभा क्षेत्र में 67.21 प्रतिशत महिला और 71.38 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया ।

#### जबलपुर उत्तर

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर में 72.10 फीसदी मतदान हुआ है । यहाँ 69.40 महिलाओं और 74.75 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया ।

#### केंट

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट में कुल 68.19 फीसदी मतदान हुआ । इस विधानसभा क्षेत्र में 67.32 प्रतिशत महिला और 69.63 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया ।

#### जबलपुर पश्चिम

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम में 71.66 फीसदी मतदान हुआ है । यहाँ महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 70.33 फीसदी तथा पुरूष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 72.91फीसदी रहा ।

#### पनागर


विधानसभा क्षेत्र पनागर में कुल 76.95 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया । यहाँ 75.78 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और 78.05 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया ।

#### सिहोरा

सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 80.05 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहाँ महिलाओं का मतदान प्रतिशत 80.29 एवं पुरुषों का मतदान प्रतिशत 79.81 प्रतिशत रहा ।

### स्वामी दयानंद वार्ड के बूथ क्रमांक 220 में ईवीएम में आई गड़बड़ी

जबलपुर। मतदान के दौरान स्वामी दयानंद स्वामी सरस्वती वार्ड के स्टेट आर्य कन्या बालक हाई स्कूल की की ईवीएम मशीन में खराबी आ गई। जिसकी खबर लगते ही मौके पर इंजीनियर पहुंच गये थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूथ क्रमांक 220 मतदान के लिये होने वाले जब मॉक पोल किया जा रहा था, इसी समय इस तरह की तकनीकी गड़बड़ी मशीन में आ गई। जिसके बाद इस बूथ में कुछ समय के लिये हो हल्ला होने लगा था, वहीं प्रशासन ने मौके की नजाकत को समझते हुये इंजीनियर और पीठासीन अधिकारी पहुंच गये थे। हालांकि इससे तय समय से मतदान विलंब से शुरू हो सका। उन लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया था, जो वोटिंग करने सुबह-सुबह मतदान केंद्र में पहुंच गये थे।




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनय द्विवेदी ने रामपुर के बालक उच्चतर मध्य विद्यालय स्थित बूथ पर पहुंचकर सपत्नीक मतदान किया एवं मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बनाये गए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन श्रीमती नीता राठौर ने सपरिवार मतदान किया।

## रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के नियंत्रण तथा विस्फोटक सामग्री जांच अभियान जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा प्रमुख पर्वो एवं नववर्ष को लेकर रेलवे स्टेशन पर यात्री संख्या एवं भीड़ के बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं. इसके साथ ही स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों के पास विस्फोटक सामग्री की भी जांच की जा रही है। उक्त दोनों अभियानो का उद्देश यात्रियों की भीड़ का प्रबंध सही ढंग से निष्पादित किया जा सके जिससे रेल यात्रियों को किसी असुविधा एवं अनहोनी का सामना न करना पड़े।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल ओम प्रकाश जी के निर्देशन में मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, , श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा एवं पिपरिया आदि 13 स्टेशन पर वाणिज्य विभाग की ओर से मुख्य वाणिज्य निरीक्षको तथा परिचालन विभाग की ओर से स्टेशन प्रबंधक और संरक्षा विभाग की ओर से रेल सुरक्षा बल की तैनाती के लिए उन्हें नामित किया गया है. जिससे कि छठ पूजा, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के अवसर पर छुट्टियों में आने जाने वाले यात्रियों की भीड़ का प्रबंधन एवं निष्पादन यात्रियों को असुविधा के बिना उचित तरीके से किया जा सके. इसी तरह डीआरएम श्री विवेक शील के नेतृत्व में जबलपुर स्टेशन पर यात्री गाड़ियों में यात्रियों के लगेज मे पटाखे अथवा ज्वलनशील सामग्री की जांच की गई।

इस संबंध में रेल प्रशासन ने स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय तथा प्लेटफार्म पर यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने तथा उनके बैठने एवं रुकने हेतु अन्य व्यवस्था भी सुचारू रूप से करने हेतु विशेष प्रबंध किए हैं। जबलपुर स्टेशन पर यात्री गाड़ियों में यात्रियों की सामग्री की जांच आज डीआरएम श्री विवेकशील के नेतृत्व में की गई इस जांच के दौरान यात्रियों को ज्वलनशील सामग्री लेकर रेल यात्रा न करने की हिदायत भी दी गई। इस अवसर पर आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी डीसीएम नितेश कुमार सोने स्टेशन निदेशक ए के सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं चल टिकट निरीक्षक तथा रेल सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे । जांच के दौरान एक यात्री के पास दीपावली के कुछ पटाखे पाए गए जिस पर आरपीएफ द्वारा विधि अनुसार कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

## भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह के बूथ के अंदर जाने पर विवाद, कांग्रेस नेताओं से हुई बहस

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर की आठ विधानसभा में सुबह से शुरु हुआ शांतिपूर्ण रहा, लेकिन दोपहर होते होते कुछ जगह में विवाद की स्थिति देखने को मिली है। पश्चिम विधानसभा के दशमेश द्वार गुरुद्वारा में उस वक्त विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जब भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह बूथ के अंदर पहुंच गए. जिसपर कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति की और उन्हे रोका. दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई है।



भाजपा प्रत्याशी का कहना था कि प्रत्याशी बूथ के अंदर जा सकता है लेकिन कांग्रेस नेता अपनी बात पर अड़े रहे, उनका कहना था कि इस तरह से मतदान प्रभावित होगा. दोनों ही पक्षों के बीच काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही, हालांकि भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह कुछ देर बाद अपने समर्थकों के साथ वहां से चले गए। इसके अलावा पूर्व विधानसभा के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में मतदान केन्द्रों के बाहर प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं के बीच भी विवाद की स्थिति निर्मित हुई।

## अधारताल तालाब परिसर में बना दिया कचरा घर

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छता की पाठ पढ़ाने वाला नगर निगम इन दिनों खुद अनपढ़ों की तरह काम करने में जुटा हुआ है, ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरफ जब ऐतिहासिक धरोहरों, तालाबों सहित अन्य स्थानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर व्यापक पैमाने में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, तो वहीं प्रधानमंत्री के स्वच्छता के अभियान को नगर निगम कर्मचारी व अधिकारी स्वयं पानी फेरते हुए नजर आ



### जय हो अधारताल विकास समिति ने की कचरा डम्पिंग के कार्य को बंद करने की मांग

रहे हैं, जिसकी वानगी प्राचानीकालीन अधारताल तालाब में देखी जा सकती है।

यहां पर नगर निगम के द्वारा कचरा डंम्पिंग स्टेशन बनाकर तालाब के साफ व स्वच्छ वातावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। जिसको लेकर जय हो अधारताल विकास समिति के आशीष विश्वकर्मा, देवेन्द्र जायसवाल, संजय पाटकर, नरेन्द्र श्रीवास, महेन्द्र सेन, अमित विश्वकर्मा, असीम दास, आशीष तिवारी, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, मो सलीम, अम्बरीश राय आदि ने बताया कि कुछ दिनों से तालाब परिसर के प्रवेश द्वार पर ही नगर निगम के द्वारा कचरा डम्पिंग स्टेशन बनाकर कचरा एकत्रित करने का कार्य कर रहा है, जिससे पूरे अधारताल तालाब परिसर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और यहां पर आने वाले नागरिक भी परेशान हो रहे हैं। जिसको लेकर जय हो अधारताल विकास समिति ने नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर कचरा एकत्रीकरण के कार्य को बंद करने की मांग की है।

## रानीताल ईदगाह मे उर्स 26 एवं 27 को

### देश प्रदेश के अक़ीदतमंद देंगे हाजरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** ईदगाह कला रानीताल मे 26 एवं 27 नवम्बर को उर्स सलामी, बुर्हानी, मेहमूदी का आयोजन किया जाएगा। मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी कादरी उर्स की सरपरस्ती फरमायेंगे। नायबे मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी के अनुसार 26 नवम्बर को ईदगाह मे बाद नमाज़ मगरिब महफ़िले मिलाद शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा। 27 नवम्बर अपरान्ह 4 बजे मुफ्ती ए आज़म के निवास उपरेनगंज दारुस्सलाम से चादर जुलूस निकलेगा जो रानीताल ईदगाह आयेगा। जहाँ बाद नमाज़ असर मज़ार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की जायेगी। बाद नमाज़ मगरिब हुज़ूर बुर्हाने मिल्लत व हुज़ूर मेहमूदे मिल्लत के कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा। इस मौके पर तोशा शरीफ की न्याज़ भी की जायेगी।

रात 9 बजे जल्से का आगाज होगा जिसमे देश प्रदेश से आये अक़ीदतमंद शिरकत करेंगे व उलेमा इकराम रात भर तक़रीर फरमायेंगे। अलसुबह कुल शरीफ ईदुल इस्लाम का एहतेमाम किया जाएगा। सालातो सलाम व दुआ के साथ जल्से का समापन होगा। सज्जादानशीन सूफी ज्याउल रजा कादरी बुर्हानी ने दो दिनी उर्स मे अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

## 30 इंच लम्बाई के कैलाश ठाकुर ने पहली बार किया मतदान

मंडला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़देवरा निवासी 30 इंच लम्बाई के 18 वर्षीय कैलाश ठाकुर उत्साहपूर्वक मतदान केन्द्र पहुंचकर पहली बार मतदान किया। पहली बार वोट देने की उमंग उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। कैलाश कहते है कि मैंने अपने जीवन का पहला वोट दिया है। मैं बता नहीं सकता कि मुझे कितनी खुशी हो रही। देश के विकास में योगदान देना अपने आप में गौरव की बात है। देश के विकास से ही मेरा और सबका भविष्य जुड़ा है। हम सभी को राष्ट्र के लिए वोट करना चाहिए।

## राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए 90 वर्ष की दादी ने किया मतदान

**रीवा, देशबन्धु।** जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुंचने के पश्चात भी देश के प्रति सच्ची निष्ठा रखने वाली 90 वर्ष से अधिक उम्र की दादी ने त्योथर विधानसभा में सतपुरा उर्फ पड़िवार ग्राम पंचायत में अपना मतदान किया जिनके साथ उनके पोते अधिकार विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजनरायण तिवारी, मनीष तिवारी अम्बरीष तिवारी आदि उपस्थित रहे अधिकार विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी अपनी दादी और माता जी के साथ मतदान किया आपको बता दें कि ग्राम पंचायत सतपुरा उर्फ पड़िवार में अपनी 90 की उम्र पार करने वाली श्री मती रामजनिया तिवारी ने बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मतदान स्थल पहुंचकर मतदान किया ।

# आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन आज खरना

## गुड़ की खीर खाकर निर्जला व्रत शुरू करेंगे व्रती



**जबलपुर, देशबन्धु।** आस्था का महापर्व के दूसरे दिन कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को आज खरना मनाया जाएगा। खरना को लोहंडा भी कहते हैं। इस वर्ष खरना 18 नवंबर को मनाया जा रहा है।

खरना में दिनभर व्रत के पश्चात व्रती रात को पूजन के बाद गुड़ से बनी खीर खाने के 36 घंटे बाद से निर्जला व्रत शुरू करेंगे। छठ पूजन महापर्व बिहार के साथ-साथ देश के करीब सभी राज्यों और शहरों में बड़े ही उत्साह के साथ नहाय-खाय का महापर्व शुक्रवार को आरंभ हो गया है। इसके साथ ही संस्कारधानी में बड़ी धूमधाम से छठ पूजन महापर्व की शुरूआत हुई। बिहार में भी आस्था का महापर्व बड़ी श्रद्धा-भक्ति से मनाया जा रहा है। यह छठ महापर्व बिहार प्रदेश में सबसे बड़े त्यौहार के रूप मनाते है। चार दिवसीय छठ पूजन महापर्व का 20 नवंबर को समापन होगा।

**छठ पूजन पर अन्य राज्यों से लौटते हैं लोग**-आस्था का महापर्व छठ पूजन शुक्रवार से आरंभ हो गया है। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर नहाय खाय से शुरू हो गया है। छठ महापर्व मनाने बिहार से अन्य राज्यों में काम-धंधा करने और विदेश में रहने वाले लोग अपने गृह प्रदेश बिहार आते है, एवं अपने परिवार सहित स्नेहीजनों के साथ छठ महापर्व मनाने लौट आते है।

**नहाय-खाय से चर्तुथी पर्व की हुई शुरूआत**-बिहार के साथ सभी प्रदेशों और शहरों में चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय शुरू हो गया है। इस दिन सूर्योदय 06.45 बजे हुआ, तो वहीं सूर्यास्त शाम 05.27 बजे हुआ। बता दें कि छठ पूजा की नहाय खाय परंपरा में व्रती नदी में स्नान के बाद नए वस्त्र धारण कर शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। इस दिन व्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद ही घर के बाकी सदस्य भोजन ग्रहण करते हैं।

# नर्मदा परिक्रमा की सफलता के उपलक्ष्य में अर्पित की जाएगी 9 सौ फुट चुनरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम से प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी 396 वीं परिक्रमा है। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की सफलता के उपलक्ष्य में आज पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में सुबह 9 बजे 9 सौ फुट की चुनरी का पूजन बाबरा आश्रम में 18 नवम्बर को किया जाएगा। 9 सौ फुट की चुनरी वैनगंगा नर्मदा मैया सरस्वती संगम हरे कृष्णा आश्रम के सामने अर्पित की जाएगी। 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को प्रात: 8.30 बजे पूज्य संत महात्मा एवं देश के शहीद परिवारों के सानिध्य में परिक्रमा निकाली जाएगी। आम नागरिकों से उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे आदि ने की है।



# पहली बार वोट करने का दिखा उत्साह, सेल्फी कॉर्नर में बनाई रील्स

## जागो जनमत-युवाओं ने कहा कि फर्स्ट टाइम वोट देकर किया बेहतर प्रतिनिधियों का चुनाव





**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा उत्साह और उमंग मतदान के लिए नजर आई। सुबह से पोलिंग बूथ पर पहुंचे युवाओं और महिलाओं ने शहर के विकास और उनकी उम्मीदों के आधार पर जनप्रतिनिधियों के लिए वोट किया। इसमें सबसे ज्यादा जोश फर्स्ट टाइम वोटर्स में नजर आया। मतदान के महाउत्सव का यह नजारा शहर के हर पोलिंग बूथ में नजर आया।

**पोलिंग बूथ में सेल्फी कॉर्नर**-इस बार लोगों में मतदान के महोत्सव का उत्साह के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पोलिंग बूथ पर सेल्फी कॉर्नर लगाए गए थे, जहां लोगों ने मतदान कर फोटो सेशन करवाया। कई पोलिंग बूथ में बच्चों के लिए जम्पिंग झूला भी लगाए गए थे, जहां मतदान करने वाले अभिभावकों के बच्चे भी एंजॉयमेंट करते नजर आए।

**बच्चों के लिए जम्पिंग झूला डीपी और स्टेटस में नेशन लव**-मतदान करने के साथ ही डीपी और स्टेटस में वोटिंग की जिम्मेदारी के साथ युवाओं ने फोटो अपडेट की। इसके साथ ही हैशटैग माय वोट, हैशटैग माय नेशन, हैशटैग माय फर्स्ट वोट जैसे स्पेशल टैग्स के साथ फोटो और वीडियोज स्टेटस में लगाए गए। वहीं इंस्टा स्टोरी में भी यूथ वोटर्स की रील्स छाई रही।

### इन मुद्दों को ध्यान में रखकर किया मतदान

- सिटी डवलपमेंट
- टूरिज्म फैसिलिटी
- स्टार्टअप सेंटर
- ट्रांसपोर्टेशन मैनेजमेंट
- हेरिटेज डवलपमेंट
- पब्लिक कनेक्टिविटी

### डिफरेंट एंगल

आर्ना केसरवानी, स्वाति शुक्ला, चारू शुक्ला ने पहली बार मतदान करते हुए कहा कि जिम्मेदारी से हमने जनप्रतिनिधि का चुनाव किया है। गढ़ा स्थित पोलिंग बूथ में तैनात एनसीसी वॉलेन्टियर्स। पहले मतदान की पहली फोटो ड्रेस कोड के साथ। तीन जनेरेशन एक साथ- अनिल मन्कोडी (88), कृपेश मन्कोड़ी (59), अर्व मन्कोडी (19) ने एक साथ वोट किया।

### इनका कहना है

मैंने पहली बार वोट दिया। इसकी खुशी बयां कर पाना मुश्किल है।

**श्रेया खण्डेलवाल, स्टूडेंट**

देश के प्रति कर्तव्य निभाने का मौका पहली बार वोटिंग करके मिला है।

**रुद्र त्रिपाठी, स्टूडेंट**

हम दोनों बहनों ने पहली बार वोटिंग की। इंस्टा स्टोरी में शेयर किया।

**साक्षी, मुस्कान पाटकर, स्टूडेंट**

मताधिकार का प्रयोग करना वाकई में देशभक्ति का भाव जगाने वाला था।

**दीप्ति कुशवाह, स्टूडेंट**

पहली बार वोट करने के लिए मैं काफी उत्साहित थी। सुबह से बूथ पहुंची।

**शिखा नायक, स्टूडेंट**

मैंने अपने पहले वोट का इस्तेमाल बेहतर प्रतिनिधि के लिए किया है।

**जानवी मिश्रा, स्टूडेंट**

इस बार पोलिंग बूथ पर सेल्फी कॉर्नर लगाएं हैं, जो आकर्षक का केन्द्र रहे।

**नेहा जैन, होममेकर**

मतदान के लिए मैं तिरंगे पर आधारित परिधान, एसेसरीज पहनकर बूथ पहुंची।

**डॉ. कादम्बिनी मिश्रा, प्रोफेसर**

यह मेरा पहला वोट था। जिम्मेदारी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।

**अजीत यादव, स्टूडेंट**

# संगीत संध्या में गूंजे नए पुराने तराने

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका में सरस्वती कराओके क्लब के तत्वावधान में संगीत संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम में कलाकारों ने समधुर स्वर में नए और पुराने जमाने के तरानों से समा बांधा। कार्यक्रम में सरस्वती देवी द्विवेदी, केके तिवारी, डॉ. टीटी लियाओ, अनिल वाजपेई, राजू बेन, किशोर कथूरिया, जयंत खरपाते, राजेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, पूर्णिमा अग्रवाल, शशिकांत, केके ताम्रकार, एसके वर्मा, सुजीत सक्सेना, अजीत जैन, गुलाम गौस खान, संदीप विश्नोई, अयाज मौजूद थे।



# एंटरटेनिंग गेम्स में जीते प्राइज, मिले टाइटल

**जबलपुर, देशबन्धु।** फन एंड जॉय की एंटरटेनिंग एक्टिविटी में लेडीज ने पार्टिसिपेट किया। इस दौरान जहां डिफरेंट गेम्स खेले गए, वहीं पटाखे फोड़कर दीपोत्सव मनाया गया। स्टार पार्क लेडीज क्लब के तत्वावधान में दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के साथ बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। महिलाओं ने कहा कि कार्यक्रम में सभी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। किसी ने गाना गाया, तो किसी ने डांस किया। इस मौके पर ममता राय, रुपाली पटेल आदि मौजूद रहे।



# दैनिक राशिफल

**शनिवार 18 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी। नक्षत्र-उ.षा.।**

**मेष**
आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। अत: क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ**
हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा।

**मिथुन**
आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। समूह भोजन का आयोजन करेंगे।

**कर्क**
आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा।

**सिंह**
आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी।

**कन्या**
आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। अनबन होने से अशांति रहेगी।

क.

**तुला**
वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक**
पारिवारिक कलह-द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। मेल- मिलाप रहेगा।

**धनु**
आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

**मकर**
आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा- पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी।

**कुंभ**
आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र प्रगति में सहायक होगी।

**मीन**
नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी।

मा.

# मत का प्रयोग करने उत्साहित रहे युवा

## पहली बार वोट डाल कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य किया पूर्ण

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सहित संस्कारधानी की आठ विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान को लेकर मतदाताओं में अच्छा-खासा उत्साह नजर आया। लोकतंत्र के महायज्ञ में आहूति देने सुबह 7 बजे ही मतदाताओं की मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें दिखाई पड़ रही थी। महायज्ञ में अपने आहूति देने मतदाता अपनी बारी आने का बेसब्री से इंतजार करते दिखे। जहां पहले मतदान कर चुके मतदाताओं को घरों निकालने राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे, वहीं पहली बार मतदान करने पहुंचे मतदाता मतदान करने बड़े उत्साहित रहे। कुछ मतदाताओं ने मतदान करने के बाद मतदान केन्द्रों के आसपास बने सेल्फी प्वाइंट पर जाकर सेल्फी ली।

**80 प्लस के मतदाताओं ने घरों पर डाले वोट**-विधानसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग के निर्देश पर उनका मतदान घरों पर कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा का जहां कुछ वृद्ध मतदाताओं ने उपयोग किया, तो वहीं अधिकांश वृद्धजनों मतदान केन्द्र पर जाकर स्वयं वोट डालना उचित माना और इस सुविधा का उपयोग नहीं किया।

**पहली बार मतदान करने उत्साहित रहे युवा**- मैंने अपना राष्ट्रीय कर्तव्य समझकर पहली बार विधानसभा में मतदान कर अपने मनपंसद प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है।



मुझे मतदान कर पता चला कि मतदान का महत्व क्या है। मैंने मतदान कर अपनी मनपसंद राजनैतिक दल की सरकार चुनने में मेरी एक वोट का भी योगदान होगा।

**- तरूण कोरी, स्टूडेंट**



प्रदेश की सरकार चुनने के लिए मैंने पहली बार मतदान किया है। मतदान को लेकर मैं बेहद उत्साहित थी। मुझे मतदान करके बहुत अच्छा महसूस हुआ, अब मैं भी कह सकती हूं की प्रदेश की सरकार चुनने में मेरे मत का भी योगदान है।

स्त्र- **श्रुति विनोदिया, स्टूडेंट**



मानसी ने पहली बार मतदान कर अपनी फिलिंग शेयर करते हुए कहा कि वह अपने मत का प्रयोग कर बेहद खुश हूं, क्योंकि मैंने प्रदेश सरकार चुनने के लिए अपनी समझ से वोट किया है। मैं हमेशा अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाती रहूंगी, और सरकार बनाने के लिए मतदान करूंगी। **- मानसी कोरी, स्टूडेंट**

## शहर के प्रिय मतदाताओं का शांतीपूर्ण मतदान के लिए आभार

**जबलपुर ।** जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी संगठन मंत्री मनोज सेठ ने विज्ञप्ति जारी करके बताया कि जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नु ने संस्कारधानी जबलपुर के प्रबुद्ध मतदाताओं विशेष रूप से युवा एवं महिला मतदाताओं का कांग्रेस परिवार की ओर से विनम्र आभार व्यक्त किया है शहर के मतदाताओं ने जिस प्रकार उत्साह तत्परता और जागरूकता से मतदान में हिस्सा लिया है वह काबिले तारीफ है शहर में शांति सद्भाव से हुए मतदान से जबलपुर के नागरिकों ने प्रदेश में मिसाल कायम की है ।कांग्रेस को मिले आशीर्वाद के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है । राज्यसभा सांसद विवेक तंखा एवं सभी विधायक प्रत्याशियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए संस्कारधानी वासियों का जताया आभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एक तरफ राज्य में चुनाव का माहौल है दूसरी तरफ देश में क्रिकेट का वर्ल्ड कप चल रहा है और तीसरी तरफ जबलपुरवासी दीपावली का त्यौहार मना रहे हैं।

इसके बावजूद भी संस्कारधानी में कहीं भी हाई अलर्ट और धारा 144 का संदेश नहीं है क्योंकि यह हमारे जबलपुर संस्कारधानी के लोगों का शुरू से ही संस्कार और परस्पर प्रेम तथा भाईचारा का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जागरूक क्रिश्चियन मंच इस तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूकता और पहल के लिए जबलपुर के नागरिकों का शुक्रगुजार है। और 17 नवंबर को शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुन: निवेदन करता है।

मंच के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, फ्रांसिस एंथोनी, गुडविन चार्ल्स, विक्टोरिया दास, विनीता फ्रांसिस, कैरोलन अब्राहम, क्लरिता ग्रेगरी, डॉक्टर भावना शर्मा, एलिजाबेथ फ्रांसिस, ज्योति लाजारूस, नीतू नैंसी जेकब, मेरी जसेंटा मिखेल , एडमिन अब्राहम मृदुल मार्टिन मोनिका रसेल, रोजमेरी आदि ने राष्ट्र एवं मध्य प्रदेश हित में मतदान करने की अपील की है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती राम बाई**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री शिव कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री चैन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई**- बगीचा नं. 5, सदर केंट निवासी श्री जीवन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपालदास आयलानी**- सिंधी सिंगल क्वाटर 6 लालमाटी निवासी श्री गोपालदास आयलानी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमलेश कोहली**- रांझी रावण पार्क के पास निवासी श्री यशपाल कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश कोहली (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश अहिरवार**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मदन लाल अहिरवार के पुत्र श्री राजेश अहिरवार (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चारूशिला देशपांडे**- गंगधाम फेस 1 (पुणे) निवासी श्रीकृष्ण देशपांडे की धर्मपत्नी श्रीमती चारूशिला देशपांडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल अग्रहरि**- गुड़हाई मिलौनीगंज निवासी श्री मदन लाल अग्रहरि (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी मिश्रा**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री राम गोपाल मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी मिश्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीप सिंह**- पंचशील स्कूल के पास चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दीप सिंह (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह सालवार**- भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री राजेंद्र सिंह सालवार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकित गौतम**- कांचघर पच्चू भाई का बाड़ा निवासी श्री अवधेश गौतम के पुत्र श्री अंकित गौतम (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला कोरी**- राजुल टाउनशिप बिलहरी निवासी श्री छोटे लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष राजपूत**- गोविंद भवन कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री संतोष राजपूत (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# 2916 पाव देशी शराब बरामद , 2 तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में शुक्रवार को बरझाई मोड़ से मझौली जाने वाली रोड पर खेत में बने एक कमरे में अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखे होने की सूचना पर पनागर थाना एवं एफसएसटी की टीम द्वारा दबिश दी। जहां खेत में बने कमरे में खाकी रंग के 53 कार्टून में 2650 पाव दशी शराब कीमती लगभग 2 लाख 65 हजार रूपये की रखी मिली। जिसे जप्त करते हुये उक्त कमरे में अज्ञात युवक के द्वारा अवैध रूप से शराब रखना पाया जाने पर एफएसटी दल प्रमुख गौरव द्विवेदी उम्र 31 वर्ष सहायक प्रध्यापक एसएस कॉलेज सिहोरा की लिखित शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



वहीं दूसरी ओर लार्डगंज थाना में देर रात पुलिस को सूचना मिली कि आगा चौक से रानीताल की ओर जाने वाली रोड पर युवक सफेद रंग की बोरी में शराब लिये बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर मौके पर दबिश दी। जहां पुलिस को देखकर एक संदिग्ध युवक भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम यश सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी रानीताल बताया। जिसके हाथ में ली हुयी बोरी को चैक करने पर 199 पाव देशी शराब के रखे मिले। जिन्हें पुलिस ने जप्त करते हुये आरोपी यश सोनकर के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

इसी कड़ी में कटंगी थाना में शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि रमेश पटैल निवासी 14 मील काकरखेड़ा का अपने घर के सामने बनी छपरी में लोगों को अवैध रूप से पानी के पाउच एवं डिस्पोजल तथा शराब देकर लोगों को शराब पिलवा रहा है। पुलिस ने सूचना पर काकरखेड़ा पर दबिश दी। जहां एक युवक अवैध रूप से शराब पिलाते हुये दिखा। शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गये। शराब पिलाने वाले को पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की। जिसने अपना नाम रमेश पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी 14 मील काकरखेड़ा बताया जिसके कब्जे से 67 पाव देशी शराब एवं 5 प्लास्टिक के डिस्पोजल, 40 पानी पाउच, तथा बिकी के 2540 रूपये रखे मिला। उपरोक्त शराब एवं पैसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34, 36 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




**जबलपुर,देशबन्धु।** कौन हारा-कौन जीता पलड़ा किसका भारी ये बचपन क्या जाने।

## शीतलामाई क्षेत्र में भाजपा समर्थकों को पुलिस ने खदेड़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले की पूर्व विधान सभा क्षेत्र अधिक संवेदनशीलता शुक्रवार को हो रहे मतदान में देखने को मिली। यहां हर घड़ी कुछ अप्रिय घटित होने की आशंका जताई जा रही थी। जिसके लिये पुलिस भी तैनात थी। यहां कांटे की टक्कर भाजपा-कांग्रेस के बीच देखी गई। सुबह से ही पूर्व क्षेत्र के मतदान केन्द्रों और अपने प्रत्याशी की स्थिति जानने के लिये समर्थक वाहनों से यहां से वहां झुंड के झुंड घूम रहे थे। जिन्हें पुलिस ने मना किया। लेकिन कार्यकर्ता मानने को तैयार नहीं थे। वहीं दूसरी ओर पुलिस भी क्षेत्र में घूम घूमकर हालतों पर नजर बनाये हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हर बात की खबर अपने अधीनस्थों से ले रहे थे। वहीं पुलिस ने भाजपा समर्थकों को शीतलामाई मंदिर के पास खदेड़ दिया। समर्थक अपने वाहनों को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने उनके वाहन जप्त कर लिये। सूत्रों से जानकारी के अनुसार सुबह से ही भाजपा समर्थक बड़ी संख्या में सभी बूथों पर आ जा रहे थे। जिससे कोई घटना घटित होने या विवाद होने की आशंका थी। जिस पर घमापुर थाना प्रभारी ने इन युवकों को रोका लेकिन युवक तितर बितर भागने लगे। वहीं दो युवकों अपनी मोटर सायकिल छोड़कर भाग गये। गनीमत यह रही कि उनके वाहनों से कोई दुर्घटना नहीं हुई। लेकिन वाहन छोड़कर भागते समय उनके वाहन वहां खड़े सब्जी ठेला संचालक इरशान मंसूरी के ठेले में जा घुसी। पुलिस ने दो मोटर सायकिल जप्त कर थाने में खड़ी कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में थोड़े समय के लिये अफरा-तफरी मच गई।

## जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते आरोपी धराया

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैंट थाना अन्तर्गत सुमित उर्फ काले पिता श्याम सिंह ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी राजीव गांधीनगर का थाना केंट का एक अपराधिक प्रवृत्ति का युवक है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर को प्रेषित किया गया था जिससे सहमत होते हुये जिला दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा 7-8-23 को सुमित उर्फ काले को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से जिला बदर किया गया था।



शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी सुमित उर्फ काले पानी की टंकी के पास राजीव गांधी नगर में घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके पर दबिश देते हुये सुमित उर्फ काले को पकड़ा, जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करना पाया जाने पर सुमित उर्फ काले के खिलाफ धारा 188 भादवि एंव 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनीनगर थाना मे शुक्रवार शाम लगभग 7-40 बजे परसराम साहू उम्र 58 वर्ष निवासी पीएण्ड टी कॉलोनी संजीवनीनगर ने लिखित शिकायत की कि वह अपने परिवार के साथ 15-11-23 को कार्यक्रम में अमरवाड़ा छिंदवाड़ा गया था आज दोपहर लगभग 2-30 बजे घर वापस आये घर का गेट जैसे खोलकर अंदर गये तो जाली दरवाजा एवं मुख्य दरवाजा भी खुला था घर के अंदर दोनों आलमारियां खुली थीं लाकर टूटे थे सामान बिखरा पड़ा था पत्नी के द्वारा चैक करने पर पाया कि सोने की एक जोड़ी झुमकी, 2 अंगूठी, कान की लड़, मंगलसूत्र एक जोड़ी, झुमकी, चांदी की पायल 5 जोड़ी, बच्चे की 2 जोड़ी पायल, चांदी के कड़े एक जोड़ी, चांदी की पायल 4 नग, 25 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर दरवाजे को तोड़कर घर में घुसकर आलमारियों के लॉकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर लिया है। लिखित शिकायत पर अपराध क्रमांक



394/23 धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मोटर सायकिल ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला घायल




**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थाना में बीती रात दीपू विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका ने बताया कि 14-11-23 की शाम लगभग 6-30 बजे अपनी पत्नी प्रभा विश्वकर्मा के साथ गोलबाजार से अपने स्कूटी से अपने घर डियूटी के बाद वापस जा रहा था जैसे ही आगा चौक चौराहा पहुँचे कि सामने से मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 8013 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आया एवं उसकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दिया जिससे वह एवं उसकी पत्नी दोनों स्कूटी सहित गिर गये जिससे उसे पैर में चोट आयी है।

रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बुजुर्गों और दिव्यांगों ने वाहन सुविधा का लाभ उठाकर किया मतदान





**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में शुक्रवार को सुबह सात बजे से ही आठों विधान सभा क्षेत्रों में बने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को आना शुरू हो गया। इसमें बुजुर्गों ने सर्वप्रथम सुबह उठकर अपना वोट डाला। जिसके बाद मतदान केन्द्रों में समय बीतते मतदाताओं को हुजूम ही लग गया। और वोट डालने के लिये लंबी कतारें लग गई। निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों, दिव्यांगों के लिये खास सुविधा दी। जिसमें वह शासकीय वाहनों से अपने परिजनों के साथ मतदान करने आये। विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जहां अस्सी प्लस और दिव्यांग मतदाताओं को सहमति देने पर घर से डाकमत पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, वहीं शुक्रवार को मतदान के दिन घर से मतदान केन्द्र तक लाने और वापस घर ले जाने उपलब्ध कराई गई निः शुल्क वाहन सेवा का भी उपयोग कर दिव्यांग, नेत्रहीन, अशक्त एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।









## कोई माता-पिता को, कोई बीमार बड़े भाई को, कहीं मां-बेटी को लेकर पहुंचे मतदान करने

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई वाहन सुविधा का दिव्यांग, वृद्ध एवं अशक्त मतदाताओं ने उपयोग किया और मतदान केन्द्र जाकर अपना वोट डाला। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क वाहन सेवा का उपयोग कर रानी दुर्गावती विद्यालय गढ़ा स्थित मतदान केन्द्र में बुजुर्ग श्री बाला प्रसाद दुबे ने मतदान किया। वहीं विनोवा भावे वार्ड जबलपुर की मानसिक दिव्यांग सिमरन जोशी ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसी प्रकार सेंट अगस्टीन कॉलेज सगड़ा में नेत्र दिव्यांग एसआर ठोसरे अनिता ठोसरे एवं विपिन



यादव ने बीटी तिराहा स्थित हितकारिणी विद्यालय में, 90 वर्षीय रूकमणि बाई ने, 80 वर्षीय शम्भु प्रसाद श्रीवास्तव ने शिशु ज्ञान मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल कटरा अधारताल में, 85 वर्षीय कमला श्रीवास्तव ने अशोका हॉल स्कूल में, 84 वर्षीय गुलाब बाई ने नवीन प्राइमरी स्कूल बस्ती नम्बर-एक गोहलपुर में, गायत्री बाई ने कनिष्ठ बुनियादी शाला नेपियर टाउन में तथा नेत्रहीन बुजुर्ग मतदाता सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शासकीय माध्यमिक शाला करमेता स्थित मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। लोकतंत्र के महापर्व में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के जज़्बे से भरे इन सभी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई वाहन सुविधा की सराहना की तथा इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### युवाओं में दिखा मतदान का खासा जोश-

इस वर्ष विधानसभा चुनाव में महिलाओं और युवाओं में अच्छा में मतदान करने का खासा जोश देखा गया। जिले के अधिकतर मतदान केन्द्र में ज्यादातर युवाओं की संख्या देखते ही बन रही थी। जिससे यह तो स्पष्ट है कि युवाओं ने इस मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लेकिन पहली बार वोट डालने का गौरव मिलने से युवाओं ने मतदान केन्द्र से ही सोशल मीडिया में सेल्फी लेकर लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया।

### किन्नर समाज ने भी किया लोकतंत्र को मजबूत-

वहीं दूसरी ओर शहर के किन्नर समाज ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें मतदान करने के बाद उन्हें बेहद खुशी मिली। थर्ड जेंडर मतदाताओं ने लिटिल फ्लावर स्कूल ग्वारीघाट स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया तथा सभी ने मतदाताओं से अपना वोट डालकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागी बनने की अपील की।

### मतदान केन्द्र में मच्छरों से अधिकारी परेशान-

पूर्व क्षेत्र में छोटी मॉडल तांत्रिक स्कूल में मतदान केन्द्र बनाया गया। लेकिन यहां रिटर्निंग अधिकारी मच्छरों से परेशान दिखाई दिये। यहां अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को बार-बार मच्छर जलाने वाली अगरबत्ती जलाने के लिये कहते रहे। बताया जा रहा है कि बाई का बगीचा स्थित छोटी मॉडल स्कूल में भयंकर मच्छर थे जिनसे अधिकारी और मतदाता दोनों ही जूझते रहे।

### मतदान दल वापस रवाना

दो दिनों की मशक्कत के बाद विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिले के



आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराकर दलों की वापसी शुक्रवार शाम से प्रारंभ हो गई है। जिसमें निर्वाचन दल अपने जेएनकेविवि में बने स्ट्रॉंग रूम में अपनी ईवीएम मशीने जमा कर घर वापसी करेंगे।

# बरेला में देर शाम तक चला मतदान





**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की विधानसभा के लिए. हुए चुनाव में आज नगर वासियों में जबरदस्त उत्साह रहा। नगर में बनाए गए 11 पोलिंग बूथ में मतदान के लिए सुबह से ही नगर वासियों में उत्साह रहा। इन पोलिंग बूथ में सुबह 7:00 से लेकर. 10-00 बजे तक. जबरदस्त भीड़ थी दोपहर बाद कुछ देर के लिए भीड़ कम हुई। फिर 4-00 के बाद से इन केंद्रों में भीड़ उमड़ पड़ी जो की देर शाम तक चलती रही।. बिहारी चौक स्थित पोलिंग बूथ और शासकीय कन्या शाला स्थित बूथ में शाम 6-00 बजे के बाद भी भीड़ लगी रही. बिहारी चौक स्थित पोलिंग बूथ में 7:30 बजे के बाद ही स्थिति क्लियर हो पाई. जोनल ऑफिसर विष्णु गुप्ता ने बताया कि. नगर के 11 बूथों में. 80.7प्रतिशत पुरुष और. 73प्रतिशत महिलाओं ने. मतदान में भाग लिया। नगर के 11 बूथों का एवरेज 77 प्रतिशत रहा।



# गोसलपुर के मतदान केंदों में लगभग 75 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** लोकतंत्र के महापर्व पर कल मतदाताओं ने बढ़कर हिस्सा लिया मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांति पूर्ण रही गोसलपुर की मतदान केदो में लगभग 75त्न से अधिक मतदान किया गया सुबह 7-00 बजे से ही मतदाताओं की अपना अपना वोट डालने के लिए लंबी-लंबी कतर है देखी गई मतदान के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा इसी तरह आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान की औसत 70त्न से अधिक पोलिंग बूथ में मतदान हुआ इस प्रकार प्रत्याशियों का भाग्य में ही बंद हो गया 3 दिसंबर को ही परिणाम आने के बाद प्रत्याशियों के अपने-अपने दावे की स्थिति स्पष्ट होगी

## सार-समाचार

### कार में छिपाकर बांटने ले जा रहे थे शराब, 18 पाव किए गए जब्त



**दमोह, देशबन्धु।** मतदान के एक दिन पूर्व गुरुवार को रात चंडीजी वार्ड के अंतर्गत सिविल अस्पताल के बाजू में बनी चौपाटी के पास भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से शराव बांट रही मारुति कंपनी की बैगनआर कार को रोक लिया और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचे हटा थाना के एएसआई रामकुमार ठाकुर ने जब कार चेक की तो हरिओम दुबे 18 पाव शराब के साथ पकडे गए।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के पुत्र प्रिंसदीप खटीक और भाजयुमो के नगर अध्यक्ष गर्वेश राजपूत से उनकी कहा सुनी हो गई। सूचना पर पहले उपनिरीक्षक शत्रुघ्न दुबे फिर टीआई मनीष मिश्रा भी पहुंच गए। प्रत्याशी उमादेवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष पल्या भी मौके पर पहुंचे और पक्षपात पूर्ण कार्यवाही के लिए पुलिस को खूब खरीखोटी सुनाई। गर्बेश राजपूत ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से दो आरोपी शराब की पेटी लेकर भागने में सफल हो गए। पुलिस से हुई कहा सुनी के बीच टीआई मनीष मिश्रा पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर मारपीट के आरोप लगाए गए है। पुलिस आरोपियो और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहा सुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर भी बायरल हुआ। हटा पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ता हरिओम दुबे के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार को जप्त कर लिया है।

### भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती 19 नवंबर रविवार को ओम पैलेस गार्डन बायपास चौराहे पर विविध कार्यक्रमों के बीच मनाई जायेगी। जिले लेकर व्यापक तैयारियां की जा रहीं हैं। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति में उत्साह है। कलचुरी कलार समाज के अध्यक्ष सुरेश राय ने बताया कि जयंती समारोह में 19 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु बच्चों की उम्र 3 से 16 वर्ष होना चाहिए। इसके लिए श्रीमति अर्चना राय एवं श्रीमति स्वाति जायसवाल से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही सुबह 10 से 11 बजे तक पूजन, 11 से 12 बजे तक अतिथि उद्‌बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 से 1 बजे तक एवं दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजन कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### सिवनी में खंडहरनुमा मकान से पांच लाख से अधिक की शराब बरामद



**सिवनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए सिवनी पुलिस अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जहां बड़ी मात्रा में शराब कोतवाली पुलिस ने पकड़ी है। एसपी राकेश कुमार सिंह के द्वारा कई चुनावी शिकायतों पर कार्रवई करने के निर्देश दिए गए थे। अवैध शराब रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर सिवनी कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन रोड तिलक वार्ड में एक खंडहरनुमा मकान से अवैध शराब का जखीरा बरामद किया।

# शहडोल के कई मतदान केंद्रों में चुनाव का बहिष्कार, कलेक्टर की समझाइश के बाद बेलिया में वोटिंग शुरु

**शहडोल,देशबन्धु।** शहडोल जिले के कई मतदान केंद्रों में चुनाव का बहिष्कार हो रहा है। सड़क, बिजली, पुल को लेकर ग्रामीणों ने विरोध सुबह से ही शुरू किया। तीन घंटे से अधिक समय बीत गया है, कई पोलिंग बूथ में एक भी वोट नहीं डाले गए हैं। जैतपुर के नगपुरा मतदान केंद्र क्रमांक 10 में सड़क को लेकर 654 मतदाताओं ने चुनाव का बहिष्कार किया। जैतपुर विधानसभा के मिठौली मतदान केंद्र क्रमांक 41 में 400 मतदाताओं ने बिजली की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया है, वहीं जैतपुर के बेलिया मतदान क्रमांक 187 में 500 मतदाताओं ने एसईसीएल की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था, बेलिया में कलेक्टर की समझाइश के बाद मतदान प्रकिया शुरू होने की खबर है। जैतपुर 85 विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 29 मलया के ग्रामीणों द्वारा मतदान का बहिष्कार किया।

ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 62 में मतदान नहीं हो रहा है, ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 62 में मतदान का ग्रामीणों ने बहिष्कार किया है। सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर गांव वाले मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। अभी तक यहां एक भी मतदाता केंद्र में नहीं पहुंचे हैं। सूचना लगते ही अधिकारी गांव की ओर रवाना हो रहे हैं। जहां-जहां मतदान का बहिष्कार लोग कर रहे हैं। वहां सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ जिले के बड़े



अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं और ग्रामीणों से बातचीत करने की कोशिश की जा रही है। बातचीत करने के बाद शायद मतदान शुरू हो जाए, लेकिन अभी कई स्थानों पर एक भी वोट नहीं डाले गए हैं।

जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मिठौली एवं मलाया में 5 घंटे बाद भी वोटिंग शुरू नहीं हुई है। अपनी कई समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने सुबह से ही मतदान का बहिष्कार किया था, सुबह से बातचीत करने के लिए सेक्टर अधिकारी सहित जिले के बड़े अधिकारी भी पहुंचे, लेकिन ग्रामीण नहीं माने हैं, जिसको लेकर अभी भी दोनों पोलिंग बूथ में एक भी वोट नहीं डाले गए हैं। तो वहीं, जैतपुर विधानसभा के ग्राम गिरवा में 5 घंटे बाद वोटिंग शुरू हो गई है। जमीन में अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था, तहसीलदार की समझाइए के बाद मतदान शुरू हो गया है। शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र बूथ क्रमांक 85 के ग्राम पंचायत कोटा मतदान केंद्र कोपरा में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। सड़क, बिजली और पुल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया। 6 घन्टे से ग्रामीणों का विरोध जारी है। मौके पर कलेक्टर वंदना वैद्य दलबल के साथ मतदान केंद्र कोपरा पहुंची। उन्होंने लोगों को समझाइए देकर आश्वासन भी दिया, तब जाकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर मतदान जारी किया। लगभग 6 घंटे बाद मतदान चालू हुआ।

# रीवा में मामूली सी बात पर युवक ने लोगों पर फेंक दी तेजाब, छह लोग बुरी तरह झुलसे



**रीवा, देशबन्धु।** रीवा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बड़ी वारदात हुई है। यहां पर रहने वाले एक सिरफिरे युवक ने मामूली विवाद को लेकर पड़ोसियों पर तेजाब डाल दी। तेजाब की वजह से वहां पर खड़े छह से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए।

घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद शोर-शराबा सुनकर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने डायल 100 पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी युवक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश में जुट गई।

तेजाब कांड की यह घटना शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तरहटी मोहल्ले के मलियान टोला की है। यहां पर स्थित एक किराए के मकान में रहने वाले कृष्ण सोनी का पड़ोस में रहने वाले अंशु सिंह बघेल सहित अन्य लोगों से मामूली विवाद हो गया। विवाद के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने पास जाकर विवाद को शांत कराने का प्रयास किया। तभी आरोपी कृष्णा सोनी अपने घर के अंदर गया और तेजाब से भरी बोतल निकाली और वहां मौजूद लोगों पर उड़ेल दी। तेजाब कांड के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।वहीं, घटना में छह से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए।

**पत्नी और बच्चों पर भी उड़ेली थी तेजाब**-घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची और इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी युवक कृष्ण सोनी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया और उसकी तालाश शुरू कर दी।

तेजाब कांड में घायल छह से अधिक लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बीते कई साल पहले भी आरोपी कृष्णा सोनी ने इसी तरह की एक और वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने अपनी पत्नी और बच्चे पर तेजाब डालकर उन्हें बुरी तरह से जख्मी किया था।

# पाल्ट्री फॉर्म में फर्श डालते समय करंट लगने से युवक की मौत

## विद्युत व्यवस्था में लापरवाही करने वाले पर मामला कायम पुलिस जांच में जुटी



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिन दिनांक 21/09/2023 को पाल्ट्री फार्म में फर्श डालते समय एक युवक को करंट लगने से मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार बब्लू गोंड, लोटन पटेल, भूरे चौधरी और मोहनलाल पटेल को ओमकार पटेल का खेत ग्राम बगलई ऊजर रोड पर स्थित पाल्ट्री फार्म में फर्श डालने का कार्य मजदूरी से कर रहे थे फर्श से लगी दीवाल मे लगा विद्युत कनेक्शन का वायर खुला हुआ था जिसमे विद्युत सप्लाई हो रही थी कि काम करने के दौरान दिन करीब 02:00 बजे विद्युत वायर मृतक मोहनलाल पिता लाखन पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी दिघारी थाना गोटेगांव के शरीर में टच होने के कारण करेण्ट लगने से मृत्यु हो गई थी जो फर्श निर्माण कार्य करा रहे ओमकार पटैल पिता राजेश पटैल उम्र 28 वर्ष निवासी किसानी मोहल्ला गोटेगांव के द्वारा अपने पल्ट्री फार्म में लगाये गये विद्युत कनेक्शन को सुरक्षित तरीके से ना रखने एवं लापरवाही पूर्वक विद्युत कनेक्शन खुला रखने के कारण मजदूर मोहनलाल पिता लाखन पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी दिघारी थाना गोटेगांव की मृत्यु हुई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी ओमकार पटैल के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

# पनागर में ढाई लाख की शराब जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना पनागर में बरझाई मोड़ से मझौली जाने वाली रोड पर खेत में बने एक कमरे में अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखे होने की सूचना पर थाना पनागर एवं एफ्एसएसटी की टीम द्वारा दबिश दी गयी खेत में बने कमरे में खाकी रंग के 53 कार्टून में 2650 पाव दशी शराब कीमती लगभग 2 लाख 65 हजार रूपये की रखी मिली जिसे जप्त करते हुये उक्त कमरे में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से शराब रखना पाया जाने पर एफ्एसटी दल प्रमुख श्री गौरव द्विवेदी उम्र 31 वर्ष सहायक प्रध्यापक एस एस कॉलेज सिहोरा की लिखित शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# भेड़ाघाट, रांझी थाना क्षेत्र में तीन की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना भेड़ाधाट में रात भेड़ाघाट ब्रिज के पास डाक्टर जोया खान अस्पताल के पास से एक व्यक्ति को मृत अवस्था में मेडिकल कॉलेज लाये जाने जांने की सूचना पर पहुॅची पुलिस को बबला उर्फबाबू सलाम निवासी ग्राम कूड़न थाना भेड़ाधाट ने बताया कि अज्ञात पुरूष उम्र को भेड़ाधाट ब्रिज के पास डाक्टर जोया खान अस्पताल के पास से मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया । इसी प्रकार थाना भेडाधाट में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्रकाश बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी पंचवटी भेड़ाघाट का फ्टाखा बम के जलने से ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज प्रकाश बर्मन की मृत्यु हो गयी हैं सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

इसी तरह थाना रांझी में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि सुनील सेन निवासी हनुमान मंदिर तलैया थाना रांझी को आज दोपहर घर के कुंआ में डूबने से भाई राजकुमार द्वारा विक्टोरिया लाया गया था डाक्टर ने चैक कर सुनील सेन के मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**सिहोर, ( एजेंसियां )।** निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर ने एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। ये निलंबन तत्काल प्रभाव से माना जाएगा। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आष्टा जनपद अंतर्गत प्राथमिक शाला गादिया के शिक्षक धनलाल कलम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में कलम का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सीहोर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आष्टा विधानसभा की मतदान सामग्री वितरण के दौरान मतदान दल क्रमांक-529 में नियुक्त पीठासीन अधिकारी धनलाल कलम प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गदिया को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान शराब पीकर उपस्थित होने के कारण दल रवाना नहीं किया जा सका। इस कारण रिटर्निंग ऑफिसर-157 आष्टा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।

# अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमत

■ बाइडेन ने शी जिनपिंग के साथ की बैठक



**कैलिफोर्निया,** (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनके देश और चीन ने बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास तहत सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद श्री बाइडेन ने कहा, हम सीधे, खुले, स्पष्ट संचार की ओर लौट आए हैं। यह पहला मौका है जब इस जोड़ी ने एक वर्ष से अधिक समय में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी , हालांकि दोनों के बीच अभी भी तनाव के संकेत मिले है। श्री बाइडेन ने अपना विचार दोहराया कि श्री शी एक तानाशाह हैं। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बाद में इन टिप्पणियों की आलोचना की , लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोनों पक्षों द्वारा इसे काफी हद तक सफल बैठक के रूप में चित्रित किया जा रहा है। श्री बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों नेता एक दूसरे के साथ संचार की सीधी रेखा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को के पास एक ऐतिहासिक कंट्री में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संचार की कमी के कारण दुर्घटनाएं कैसे होती हैं और कहा कि दोनों राष्ट्रपति अब फोन उठा सकते हैं और तुरंत सीधे बात सुनी जा सकती है। पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन ने सैन्य-से-सैन्य संचार बंद कर दिया था।

## अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है : चीन

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडेन के साथ एक बैठक में कहा कि चीन की अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने बैठक में श्री शी जिनपिंग के हवाले से कहा, जब चीन की अमेरिका को लेकर ऐसी कोई योजना नहीं है, तब अमेरिका को भी चीन को दबाने या नियंत्रित करने की कोई योजना बनानी चाहिए।' यह चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में मित्रवत संगठनों के स्वागत रात्रिभोज में चीनी राष्ट्पति के हवाले से कहा, मुझे विश्वास है कि एक बार बीतचीत शुरू होने के बाद चीन-अमेरिका संबंध अच्छे हो जाएंग। हमारे लोगों की दोस्ती की जड़ें बहुत मजबूत और प्रगाढ हो गई हैं और यह निश्चित रूप से किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका के बढ़ते विकास और समृद्धि से खुश है और अमेरिका-चीनी संबंधों का भविष्य उनके लोगों, विशेषकर युवाओं पर निर्भर करता है और इसीलिए देशों को अपने राष्ट्रों के बीच संबंधों एवम आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए।

# गजा से इलाज के लिए तुर्की पहुंच रहे मरीज



**अंकारा,** (एजेंसियां)। गजा पट्टी से राफा सीमा पार कर मिस्त्र जाने वाले गाजा के 27 मरीज और उनके 13 परिचारक गुरुवार को तुर्की की राजधानी अंकारा पहुंचे। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने अंकारा में हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, गाजा के 27 मरीज, इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी हैं, जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है, हमारे देश में हैं। मंत्री ने कहा, हमने अपने देश में रोगियों, विशेषकर कैंसर रोगियों को लाने के लिए तकनीकी समितियों से युक्त एक स्वास्थ्य समन्वय टीम की स्थापना की। श?न्हुआ समाचार एजेंसी ने कोका के हवाले से कहा कि तुर्की ने गाजा को सहायता प्रदान की है, इसमें गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति और उपकरण शामिल हैं। मिस्त्र के एल अरिश हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले विमान आधी रात को अंकारा एसेनबोगा हवाई अड्डे पर उतरे। सरकारी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि कोका कुछ मरीजों के साथ मिस्त्र से अंकारा गया था। कोका ने बुधवार को मिस्त्र में संवाददाताओं से कहा, ये मरीज इलाज के लिए मिस्त्र से दूसरे देश की यात्रा करने वाले पहले गाजावासी होंगे। 2 से 13 नवंबर के बीच, गाजा से लगभग 135 घायल लोगों को राफा के माध्यम से मिस्त्र में चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। मंगलवार को, लगभग 600 विदेशी नागरिकों और दोहरे नागरिकों और चार घायल लोगों को निकालने के लिए मिस्त्र की सीमा खोली गई।

**इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी**

## आज का इतिहास

1727-महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
1738-फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1772-पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली।
1833-हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1901-फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक वी शांताराम का जन्म हुआ।
1909-अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया।
1910-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का जन्म।
1918-उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1922-तुर्की के युवराज अब्दुल मजीद द्वितीय को खलीफा चुन लिया गया।
1948-बिहार की राजधानी पटना के पास स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
1956-मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
1959-आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया।
1962-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक शैतान सिंह का निधन।
1963-अमेरिकी टेलीफोन कंपनी बेल सिस्टम्स दुनिया के सामने पहला ऐसा फोन लाई जिसमें बटन वाला डायलिंग पैड था।

## सुडोकू 6379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार सख्त

## 6 सदस्यीय टास्क फोर्स गठित की



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजधानी के अंदर ग्रेप चार को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली सरकार ने छह सदस्यीय स्पेशल टास्कफोर्स का गठन किया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि इस टास्कफोर्स में परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त, पुलिस उपयुक्त यातायात (मुख्यालय), राजस्व विभाग के उपायुक्त (मुख्यालय.), दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर सदस्य होंगे। इस टास्क फोर्स का काम संबंधित विभागों के साथ प्रतिदिन समन्वय करना और उनके समक्ष आने वाली दिक्कतों को दूर करना और कार्यान्वयन से सम्बंधित सरकार को अपनी रिपोर्ट देना होगा।

श्री राय ने ग्रेप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद कहा कि अभी वर्तमान समय में प्रदूषण की जो स्थिति बनी हुई है उसे लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदूषण की बहुत ख़राब स्थिति ही बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रेप-4 के तहत बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। अभी तक 16,689 बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल गाड़ियों का चालान किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर इसका कोई उल्लंघन करता है तो मोटर व्हीकल एक्ट -1988 के तहत 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा 84 टीम लगाया गया है। साथ ही दिल्ली पुलिस की 284 टीम लगायी गई है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली में पराली को गलाने के लिए अब तक 2573 एकड़ में फ्री बायो डी-कंपोजर के छिड़काव किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि शेष बचे खेतों में जल्द छिड़काव करें।

### फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंची आबोहवा

देश की राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार को सुबह नौ बजे 393 रहा।

## आइसलैंड प्रायद्वीप में 'दशकों' में ज्वालामुखी अस्थिता आईएमओ की चेतावनी

**रेक्याविक,** (एजेंसियां)। आइसलैंड मौसम कार्यालय (आईएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप को दशकों तक ज्वालामुखीय अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। आईएमओ के अधिकारी मैथ्यू रॉबर्ट्स का कहना है कि 800 साल के अंतराल के बाद, रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर 2021 में फिर से विस्फोट शुरू हुआ, जो एक नए विस्फोट चक्र को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि भूकंप और आसन्न विस्फोट की आशंका के कारण ग्रिंडाविक शहर को खाली कराना पड़ा है। डॉ रॉबर्ट्स का कहना है कि यहाँ कर्मचारी 24 घंटे भूकंपीय गतिविधि की गहन निगरानी करते हैं । बीते शुक्रवार को टीम यह जानकर हैरान रह गई कि 15 किमी (नौ मील) की दूरी तक चट्टान को तोड़ता हुआ मैग्मा जमीन में बह रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया। ग्रिंडाविक का पश्चिमी भाग पिछले शुक्रवार से एक मीटर (3.3 फीट) से अधिक नीचे धंस गया है, और प्रतिदिन लगभग 4 सेमी (1.6 इंच) की दर से ऐसा हो रहा है। कम तीव्रता वाले विस्फोट का मतलब कई हफ्तों तक दरारों की श्रृंखला से लावा निकलना हो सकता है।

# इजरायल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को किया खारिज



**यरूशलम,** (एजेंसियां)। इजरायल ने गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष में विस्तारित मानवीय विराम के संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के आह्वान को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने एक बयान में कहा, जब तक 239 अपहृत लोग हमास के हाथों में हैं, तब तक विस्तारित मानवीय रोक अस्थिर है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हुए हमले के लिए ' स्पष्ट रूप से हमास की निंदा करने' का आह्वान किया। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को गाजा पट्टी में तत्काल एवम् विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, ताकि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों तक तत्काल आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, गाजा में इजरायली हमलों में करीब 11,500 लोग मारे गए हैं। इनमें 4,710 बच्चे और 3,003 महिलाएं शामिल हैं जबकि 29 हजार से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

### इजरायल ने शिफा अस्पताल के दक्षिणी हिस्से तक किया अभियान का विस्तार

**यरूशलम।** इजरायली सशस्त्र बलों ने शिफा अस्पताल में अभियान का विस्तार इसके दक्षिणी हिस्से तक कर दिया है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि बुधवार को जहां इजरायली सेना का ध्यान अस्पताल परिसर के पश्चिमी हिस्से में स्थित इमारतों पर था, वहीं अब जोर अस्पताल के दक्षिणी हिस्से पर है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि वह शिफ़ा अस्पताल में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के खिलाफ एक %सटीक और लक्षित% अभियान चला रहा था।

## अमेरिकी रिपब्लिकन ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस किया लॉन्च



**वाशिंगटन,** (एजेंसियां) । अमेरिकी रिपब्लिकन सांसदों ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस लॉन्च किया है, जो हिंदू अमेरिकियों के समुदाय से संबंधित मुद्दों की वकालत करने वाला दूसरा लेकिन अब तक का सबसे बड़ा कॉकस होगा। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेतृत्व की चौथी रैंकिंग सदस्य एलिस स्टेफनिक ने बुधवार को शलभ शल्ली कुमार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज मैं अमेरिकी कांग्रेस में कांग्रेसनल हिंदू कॉकस की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं। शल्ली कुमार पार्टी और विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए धन जुटाने वाले एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी हैं।

यह कॉकस उनकी पहल है और कुछ समय से इस पर काम चल रहा है। यह हिंदू अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुरू किया गया दूसरा कांग्रेसी कॉकस है, जो बड़े पैमाने पर भारतीय मूल के अमेरिकी हैं, जो तेजी से अपने मूल देश के बजाय अपने धर्म के आधार पर अपनी पहचान बनाना पसंद कर रहे हैं। लेकिन यह खुद को सिख, जैन और बौद्ध समुदायों का प्रतिनिधि भी बताता है। कॉकस, जिसकी अध्यक्षता प्रथम-अवधि के डेमोक्रेटिक कांग्रेसी श्री थानेदार कर रहे हैं, उस समय विवादों में घिर गया जब सिख अमेरिकियों, जो अपने स्वयं के एक अच्छी तरह से वित्त पोषित लॉबिंग प्रयास चलाते हैं, ने उनका प्रतिनिधित्व करने के इसके दावे को चुनौती दी। इसने सांसदों के बीच भी बहुत अधिक समर्थन उत्पन्न नहीं किया है।

## चीन में इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में आग लगने से गुरुवार को कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने नेशनल माइन रेजिडेंस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से बताया कि ल्यूलियांग शहर के लिशी जिले में पांच मंजिलों की इमारत की दूसरी मंजिल पर घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं।

60 से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। यह इमारत निजी योंगजू कोयला खदान कंपनी की है, जिसकी उत्पादन क्षमता 120 टन प्रति वर्ष है। शांक्सी प्रांत चीन का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, औद्योगिक दुर्घटनाएं, जिनके परिणामस्वरूप आग लग सकती है, चीन में अक्सर होती रहती हैं। अप्रैल में राजधानी बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले अक्टूबर में, उत्तर-पश्चिमी यिनचुआन प्रांत में एक बारबेक्यू रेस्तरां में विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी।

## वर्ग पहेली 6379

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. पराधीनता, गुलामी
४. जिस पर नज़र न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदनपत्र
८. युद्धसंबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास-फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्धन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पाई जाने वाली श्वेत-चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर-चंदन आदि में ललाट पर बनाया गया चिह्न, टीका
१४. किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन या लेखा-जोखा करने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग-संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तानकर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6378

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | र्झ | ■ | फ्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


**कूटनीति**

## पश्चिमी देशों ने हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी

# किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : क्रेमलिन

**मास्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रुस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। श्री किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी।

डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। मॉस्को ने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन



कारखाने का दौरा किया। साथ ही उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा तथा एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। श्री किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा, हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं। व्यापार और उद्योग मंत्री मंटुरोव ने कहा, तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के लिए हमारे देशों के सामने आने वाले कार्यों को प्राप्त करने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। रूस ने बिना कोई निश्चित समय सीमा बताए कहा है कि श्री किम अगले कई दिनों तक अपनी यात्रा जारी रखेंगे। इस बीच जापानी सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 'बिना किसी पूर्व शर्त के' श्री किम से मिलने के इच्छुक हैं। श्री किशिदा ने पहले कहा था कि वह किम के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन पुतिन वार्ता को लेकर क्षेत्रीय चिंताएं बढ़ने के कारण बार-बार निमंत्रण आया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने संवाददाताओं से कहा, हम जल्द से जल्द एक शिखर बैठक हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री के सीधे नियंत्रण में उच्च स्तरीय चर्चा करना चाहेंगे।

# खेल जगत

## सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में भारत की कप्तानी करेंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी तक टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं, एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी20 घरेलू श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर सकते हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में समाप्त होगी। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति यादव को कप्तानी के लिए पदोन्नत कर सकती है क्योंकि पांड्या 2023 विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे और उनके टखने की चोट से उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। पांड्या के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में भी हिस्सा नहीं लेने की संभावना है। यादव ने भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उप-कप्तान के रूप में कार्य किया, जिसमें कैरेबियाई और अमेरिका में पांच टी20 मैच खेले।



# मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की जिद है शमी की ताकत

- शमी मिले मौके लपक कर बने भारत के तेज आक्रमण के तुरुप के इक्के
- न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल विकेट चटका शमी ने किया ट्रोलर्स का मुंह बंद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बतौर तेज गेंदबाज अपनी रफ्तार और धार की बदौलत सेमीफाइनल सहित बाद के छह मैचों में 23 विकेट चटका कर भारत को मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाई है। भारत अब अहमदाबाद उनके आईपीएल के गुजरात टाइटंस के लिए बराबर खेलने के कारण चिर परिचित मैदान पर खेलने के कारण खासा परिचित होने के कारण पांच बार चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में गेंद से ऐसी ही रफ्तार के साथ धार दिखाने कर जीत दिलाकर वन डे विश्व कप खिताब जिताने की आस कर रहा है। हार्दिक पांडया के चोट के तीसरे मैच में चोट चलते बाहर होने पर चौथे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में भारत की एकादश में मिले मौके को भुनाते हुए शमी ने पिछले छह मैचों में तीन में पांच या इससे अधिक विकेट चटका कर अब खुद को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का तुरुप का इक्का साबित किया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि शुरू के तीन मैचों में शुरुआती एकादश का हिस्सा न होने के बाद चौथे मैच से न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके को भुना कर वह अब भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के तुरुप के इक्के बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मुंबई में सात विकेट चटका मैन ऑफ द मैच बन भारत को 70 रन से जीत दिलाने के बाद शमी ने कहा भी वह अपने मौकों का इंतजार कर रहे थे। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी ने भी यही कहा शमी अपनी कूवत दिखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहे थे मौका मिलने पर अपनी कूवत दिखाई भी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ही मौजूदा संस्करण में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन सहित सहित हर प्रतिद्वंद्वी टीम का कप्तान शमी की गेंदबाजी का कायल है और उन्हें सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बता रहा है। शमी का अपने कौशल और मेहनत के साथ किस्मत भी पर भरोसा उनके और टीम इंडिया के काम आया। शमी की बदकिस्मती कहिए या फिर किस्मत का फेर की शमी को टीम इंडिया में बेहद प्रतिभाशाली होने के बावजूद अब से पहले कभी भी वह सम्मान नहीं मिल मिला जिसके वह बराकर अधिकारी रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा के सहसपुर के बाशिंदे भारत के 33 बरस के मोहम्मद शमी की बतौर तेज गेंदबाज ताकत मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की उनरकी जिद है। पत्नी हसीन जहां से कानूनी जंग झेलने के बावजूद सिर्फ अपनी गेंदबाजी पर फोकस रखना ही शमी की कामयाबी का सबसे बड़ा सबब है। 2021 में टी-20 विश्व कप में एक दिन ढीले प्रदर्शन पर ट्रोलर्स ने उन्हें 'पाकिस्तान गद्दार' तक कहा लेकिन ऐसे में विराट कोहली की तारीफ करनी होगी कि वह सबसे पहले सबसे आगे उनके समर्थन में आगे आए। जब न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में मौजूदा वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनसे जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कप्तान केन विलियमसन का कैच छूटा तो कुछ ट्रोलर्स ने कुछ ओझी बात कह कर उनकी आलोचना की लेकिन शमी सात न्यूजीलैंड के सात विकेट चटका भारत को फाइनल में पहुंचा सभी का मुंह बंद कर दिया। खेल में कैच छूटते हैं लेकिन इस तरह की ओछी हरकत वाकई निंदनीय है। खैर खिलाड़ी को अपने करियर में इस तरह के मंजर कई बार चाहे अनचाहे देखने ही पड़ जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में भारत की मौजूदा विश्व कप पहले मैच में एकादश में छह विकेट से जीत में जब शमी को एकादश से बाहर रखा गया तो किसी ने भी खुल कर इसकी आलोचना करने के बजाय एक चुप, सौ सुख की नीति अपनाते हुए मौन रहना ज्यादा मुनासिब समझा। हार्दिक पांडया को चोट के चलते मिले मौके को दोनों हाथ से लपकने वाले मोहम्मद शमी जानते हैं कि वह उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से आते हैं उनके लिए खुद पहले अपने प्रदेश में रणजी ट्रॉफी टीम में जगह न मिलने पर बंगाल जैसे खानपान से लेकरएक अलग और अनजान परिवेश में जाकर वहां टीम में जगह बनाना और फिर भारतीय क्रिकेट टीम में तीनों फॉर्मेट में अपने लिए अलग जगह बनाना वाकई काबिलेतारीफ है। यूं भी पश्चिम उत्तर प्रदेश की मिट्टी में कुछ ऐसा है कि यहां से आने वाले बाशिंदे बात की बजाय अपने काम से चाहे वह खेल हो या कोई भी काम अपना नाम बनाने में भरोसा रखते हैं। मौजूदा वन डे विश्व कप में जहां भारत के तोप तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नौजवान मोहम्मद सिराज की गेंदों पर चौके और छक्के जड़े गए उन्हीं पर अपने सीम मूवमेंट और स्विंग से बराबर विकेट चटका कर भारत के कप्तान रोहित शर्मा के संकटमोचक बनकर उभरे। शमी ने मौजूदा वन डे विश्व कप में भारत के कुल पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में मौका पाकर पांच विकेट चटकाने उसे जीत दिलाने के बाद मुंबई की उमरभरी गर्मी में फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एकदम पाटा यानी सपाट विकेट पर मात्र 57 रन देकर सात चटका जीत दिला कर खुद को इस संस्करण का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज साबित किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी के सात विकेट किसी भी भारतीय गेंदबाज का वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में सबसे शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन है। शमी की कामयाबी का सबब है उनके गेंदबाजी कौशल के साथ उनकी मेहनत और जीवट का नतीजा है।

### मै अपने मौकों का इंतजार कर रहा था : शमी

शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में सात विकेट चटकाने के बाद कहा, %मैं अपने मौकों का इंतजार कर रहा था। मैं सफेद गेंद से बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला। मेरा मौजूदा वन डे विश्व कप भारत की एकादश में वापसी धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई। विविधता की बहुत बात होती है लेकिन मैं अभी भी विकेट लेने के लिए नई गेंद को आगे पिच कराने में यकीन करता हूं, मुझसे विलियमसन का आसान कैच छूटा , जो कि मुझे नहीं छोडऩा चाहिए था और मुझे खुद को बहुत बुरा लगा। बावजूद इसके मेरा फोकस रफ्तार कुछ कम कर यह देखते था कि क्या न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हवा में स्ट्रोक खेलते हैं। हम इसी मौके और विविधता का इतजार कर रहे थे। पिच बहुत बढिय़ा थी और और इस पर दोपहर में काफी रन बने थे । रात में ओस का कुछ अंदेशा था । यदि ओस होती तो गेंद तेजी से पिच पर निकलती है औद इस रन बन सकते हैं। सेमीफाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि पिछले दो विश्व कप में हम सेमीफाइनल में हार गए थे।कौन जाने फिर कब किसे मौका मिले, हमने सब कुछ झोंक दिया और क्योंकि हम इस मौके को गंवाना नहीं चाहते थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप फाइनल से पहले अहमदाबाद होटल का किराया बढ़कर 1 लाख रुपये हो गया





**अहमदाबाद।** आईसीसी वनडे विश्व कप फाइनल की उलटी गिनती चरम पर पहुंच गई है, खासकर उन क्रिकेट प्रेमियों के लिए, जो 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला देखने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, प्रशंसकों को इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के अपने प्रयासों में अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

बुनियादी आवास अब 10,000 रुपये प्रति रात की भारी कीमत पर आते हैं, जबकि लक्जरी होटल शहर में एक रात ठहरने के लिए करीब 1 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। उड़ान की कीमतें भी बढ़ गई हैं, जिससे अहमदाबाद के लिए राउंड-ट्रिप टिकटों में 200-300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। फाइनल की पूर्व संध्या पर दिल्ली से उड़ान की कीमत अब 15,000 रुपये है।

आवास और टिकट सुरक्षित करना एक कठिन चुनौती बन गया है। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रशंसकों को उड़ान की लागत में वृद्धि और अत्यधिक होटल टैरिफ का सामना करना पड़ा। जैसे ही भारत ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया, स्थिति और खराब हो गई, अहमदाबाद में होटल की कीमतें आसमान छूने लगीं। यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट ने शहर में इस तरह की हलचल पैदा की है।

ऐसा ही परिदृश्य 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के लिए सामने आया था, जब होटल टैरिफ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया था। बुकिंग.कॉम, मेकमाईट्रिप और एगोडा जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अहमदाबाद में ठहरने के लिए खोजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान देखी गई मांग को दर्शाता है।

मैच टिकटों का अंतिम बैच, जो 13 नवंबर को बिक्री के लिए आया था, तेजी से बिक गया। बुकमायशो पर उपलब्ध सबसे सस्ते टिकट की कीमत 10,000 रुपये थी। टूर्नामेंट में मेन इन ब्लू की उल्लेखनीय अजेय लय ने फाइनल को लेकर प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है, जिससे यह देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए जीवन में एक बार होने वाले आयोजन में बदल गया है।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया बड़े अवसरों के लिए अजनबी नहीं : स्टार्क



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप-2023 का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत टीम इंडिया से होगी। यह पहला मौका नहीं होगा जब ये दोनों टीमें एक हाई प्रेशर मैच के लिए मैदान में उतरेगी, क्योंकि 2003 में एक दूसरे के खिलाफ फाइनल मुकाबले खेलने के अलावा यह टीमें पहले कई बार फाइनल मुकाबला खेल चुकी है।

पिछले दो वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि उनका चल रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा लेकिन उनके जोड़ीदार जोश हेज़लवुड और उनके अन्य साथियों ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम को संतुलन मिला। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका सामना भारत से होगा। खिताबी मुकाबले के बारे मे बात करते हुए स्टार्क ने क्रिकबज से कहा, भारत चल रहे वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अब तक वो टूर्नामेंट में अजेय हैं। इसलिए, कोई टीम विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम को हराए बिना विश्व कप नहीं जीत सकती। साथ ही ऐसे खिताबी मुकाबले के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया अजनबी नहीं हैं क्योंकि वो ऐसे हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भी कई बार परिचित हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

मदद कर रही परिस्थितियों के बीच नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाज़ी और ओपनर्स द्वारा की गई बल्लेबाज़ी ने रोमांचक सेमीफ़ाइनल में अंतर पैदा किया। मिचेल स्टार्क ने 34 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल पूरा किया और जब विजयी रन बने तब भी वह मैदान पर मौजूद थे। भले ही स्टार्क के लिए गेंदबाज़ के तौर पर टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, लेकिन दक्षिण अफ़्रीका को उन्होंने जोश हेजलवुड के साथ मिलकर पहले 12 ओवर में ही 24/4 के स्कोर पर पहुंचा दिया था। दोनों ने मिलकर मैच में पांच विकेट चटकाए। भले ही मैच में कई सारे रोमांचक पल आए, लेकिन इन दोनों की गेंदबाज़ी अंत में सबसे बड़ा अंतर बनी।

स्टार्क ने कहा, मुझे लगता है कि पावरप्ले ने ही हमें लाभ दिया। मैच में कई सारे अहम लम्हें रहे, लेकिन जोश के साथ इस तरह मैच की शुरुआत करना शानदार था। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शायद पावरप्ले में विकेट लेना हमारी मजबूती नहीं रही, इसलिए इस तरह का पावरप्ले में दबदबा बनाना अच्छा लगा। जोश ने जिस तरह आठ ओवर में केवल 12 रन देकर दो विकेट लिए, वह अदभुत था।

उन्होंने आगे कहा, जॉश के पिच मैप को देखें तो टेस्ट मैच गेंदबाज़ी में वह यही शानदार तरीके से करता है। आज़ वह बेहतरीन रहे और जिस तरह से हमने एक-दूसरे को सहारा दिया और जैसा पावरप्ले हमारा रहा, उसी से बीच के ओवरों में भी हमने मोमेंटम हासिल किया और इसी तरह हम मैच शुरु करना चाहते थे। बड़े मैच में ऐसा करना अच्छा था। लीग स्टेज में जब दोनों टीमें भिड़ी थीं तब क्विंटन डिकॉक ने शतक लगाया था और उनकी टीम ने 311/7 का स्कोर खड़ा किया था। एडन मारक्रम के बल्ले से भी अर्धशतक आया था, लेकिन सेमीफ़ाइनल में दोनों बल्लेबाज़ कुछ ख़ास नहीं कर सके। स्टार्क ने कहा, हम जानते हैं कि अगर दक्षिण अफ़्रीका के हाथ में विकेट हों तो अंतिम के ओवरों में वे कितने खतरनाक हो जाते हैं। हम ये भी जानते थे कि अगर 20 ओवर के अंदर हम क्लासेन और मिलर को आउट कर ले जाते हैं फिर हमारा काम हो जाएगा। गेंद के साथ सब प्लान के मुताबिक हुआ। बल्लेबाज़ी में ऑस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में ही 60 रन बना दिए थे जिसमें डेविड वॉर्नर ने 18 गेंदों में 29 रन बनाए थे। ट्रैविस हेड ने 48 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली।

स्टार्क ने कहा, जिस तरह से हेड और वॉर्नर ने बल्लेबाज़ी की उससे दक्षिण अफ़्रीका पर पहले 10 ओवर में ही दबाव आ गया। पूरे टूर्नामेंट में हमने देखा है कि कुछ मौक़ों पर पहले 10 ओवर कितने मुश्किल हो सकते हैं। कई बार आपको भाग्य का भी साथ मिलता है, लेकिन ओपनिंग साझेदारी में दोनों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया।

## सार संक्षेप

### कोहली के खिलाफ एडम जम्पा पर रहेगा फोकस : कोपलैंड

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा ने विराट कोहली को आठ मौकों पर आउट किया है। पूर्व क्रिकेटर ट्रेंट कोपलैंड का मानना है कि फाइनल मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ मध्य ओवरों में लेग स्पिनर का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जा सकता है। विराट कोहली वर्तमान में विश्व कप 2023 में 10 मैचों में 101.57 के औसत और 90.68 के स्ट्राइक रेट से 711 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। दूसरी ओर, ज़म्पा 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट के साथ 22 विकेट के साथ प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एसईएन रेडियो पर कोपलैंड ने कहा, कोहली हर किसी के खिलाफ बहुत अच्छे हैं। वहीं, एडम ज़म्पा सबसे अलग हैं और भारतीय परिस्थितियों में यह एक शानदार मुकाबला होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर विराट तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो हम उस मध्य चरण के दौरान एडम ज़म्पा का भारी उपयोग देखेंगे। कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना 50 वां वनडे शतक बनाकर महान सचिन तेंदुलकर के पहले के सर्वकालिक रिकॉर्ड को तोड़कर,अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया।

### वर्ल्ड कप फाइनल मैच देखने अहमदाबाद जाएंगे पीएम मोदी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए पीएम मोदी भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंच सकते हैं। न्यूज़18 क्रिकेटनेक्स्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि होने की संभावना है।

## आपको यह परिभाषित करने की जरूरत है कि चोक क्या है : रॉब वाल्टर




**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने यह मानने से इनकार कर दिया कि प्रोटियाज टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार कर फिर से चोकर्स साबित हो गयी है। गुरुवार का परिणाम विश्व कप के नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका के लड़खड़ाने की लंबी सूची में नवीनतम था और इसे एक चोक कहा जा रहा है, जो दो दशकों से अधिक समय से उन पर हावी है।

वाल्टर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि आपको यह परिभाषित करने की ज़रूरत है कि चोक क्या है। मेरे लिए, चोक का मतलब उस मैच को हारना है जिसे आप जीतने की स्थिति में हैं। इस उदाहरण में, हम शुरू से ही आठ गेंदों से पीछे थे और हमने वास्तव में प्रतियोगिता में वापसी के लिए संघर्ष किया और एक स्कोर बनाया जिससे हमें मौका मिला और फिर वे एक फ़्लायर के पास पहुंचे और हमने संघर्ष किया और हमने स्कोर बनाया, हम मैच में वापस आ गए। निश्चित रूप से हम 30 या 40 रन पीछे थे, लेकिन अभी भी सात विकेट गिरे थे और कुछ चीजें थीं, गेंदें थोड़ी ही देर में उछल रही थीं, थोड़ा अंदरूनी किनारा था जिसे लिया जा सकता था, आप जानते हैं, इसलिए मेरे लिए दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है एक गला घोंटना जो आज वहां हुआ। यह टूर्नामेंट में नंबर दो और तीन की दो अच्छी टीमों के बीच एक गंभीर मुकाबला था। उन्होंने कप्तान तेम्बा बावुमा का भी बचाव किया, जो चार गेंद में शून्य पर आउट हो गए थे और 100त्न फिट भी नहीं थे, जिस तरह से उन्होंने टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की है। सबसे पहले, मैंने उसे बताया कि मुझे उस पर कितना गर्व है। आप जानते हैं कि उन्होंने आज शाम को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खिलाड़ियों को मार्शल किया। खेल को करीब लाने और देने के लिए, मुझे लगा कि आप रणनीतिक रूप से जानते हैं कि उन्होंने किस तरह से संचालन किया, साथ ही जाहिर तौर पर मैदान पर उनके चारों ओर जिस तरह के वरिष्ठ सदस्य थे, मैदान की स्थिति के माध्यम से बनाए गए विभिन्न दबाव, मुझे लगा कि यह एक उत्कृष्ट प्रयास था उस स्कोर का बचाव करने के लिए। लेकिन इससे आगे कभी-कभी टूर्नामेंट में आगे बढ़ना आसान नहीं होता है जब आप अपना प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं लेकिन आपके आस-पास के बल्लेबाज होते हैं लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में काम करते हैं। वह मुख्य व्यक्ति थे जिन्होंने हमें पहली बार इस टूर्नामेंट में पहुंचाया, मुझे लगता है कि लोग यह भूल जाते हैं। इसलिए मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहता था कि वह इस बात से अवगत हो कि वह इस टीम में कितना महत्वपूर्ण है और मुझे उसके प्रयासों और पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से उसने नेतृत्व किया, उस पर कितना गर्व है। वाल्टर ने कहा कि वह रविवार को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप फाइनल नहीं देखेंगे, लेकिन उन्हें लगा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना उचित होगा।

ईमानदारी से कहूँ तो, लगभग 1 प्रतिशत संभावना है कि मैं देखूँगा। और भी अधिक ईमानदार होने के लिए, मुझे वास्तव में कोई परवाह नहीं है। लेकिन विश्व कप भारत में होने के कारण, घरेलू देश के लिए विश्व कप जीतना हमेशा अच्छा होता है। ऑस्ट्रेलियाई चेंज रूम में मेरे बहुत सारे दोस्त हैं, इसलिए उनमें से कुछ के लिए मेरे मन में शायद एक नरम स्थान है, खासकर कोच के लिए, कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। लेकिन यह देखते हुए कि जब हम आखिरी बार यहां भारत के खिलाफ खेले थे और टीम को जो समर्थन मिला था, और वह बड़ी आशा और प्रेरणा थी जो घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने से वास्तव में मिलती है। मुझे लगता है कि भारत का जीतना ही उचित होगा। साथ ही, वे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम रहे हैं और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा ही होगा।

## हार को पचा पाना मुश्किल है : तेम्बा बावुमा




**कोलकाता।** तमाम प्रयासों के बावजूद साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के तिलिस्म को तोड़ नहीं पाई और उसे गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप से बाहर होने पर निराश दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मैच के बाद कहा, इस हार को शब्दों में बता पाना बहुत कठिन है। हमने बल्ले और गेंद से जिस तरह की शुरुआत की वही टर्निंग प्वाइंट रहा, हम वहां बुरी तरह हारे। परिस्थितियों और बेहतरीन आक्रमण ने हमारा टॉप ऑर्डर बिखेर दिया। उन्होंने हमें पूरी तरह दबाव में डाला। क्लासेन के आउट होने से पहले हम मोमेंटम हासिल कर रहे थे और सभी को पता है कि आखिरी के ओवरों में वह कितने खतरनाक हो सकते हैं।

बावुमा ने शतकधारी डेविड मिलर की तारीफ़ करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया कि एक खिलाड़ी के रूप में वह क्या कर सकते हैं। मिलर ने 101 रन बनाये लेकिन दक्षिण अफ्रीका 212 रन पर सिमट गया। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 215 रन बनाकर फ़ाइनल का टिकट हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया को फ़ाइनल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया को फाइनल के लिए शुभकामनाएं। मैच में अधिकतर समय उनका खेल शानदार रहा और वे जीत के हकदार थे।


## सुडोकू 6377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

# अर्थ जगत

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.25 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.25 पर पहुंचा। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.23 प्रति डॉलर पर सपाट खुला। हलांकि, मजबूत अमेरिकी डॉलर और कमजोर घरेलू बाजारों ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और शुरुआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा दो पैसे की गिरावट के साथ 83.25 प्रति डॉलर पर आ गई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.23 पर बंद हुआ था।



# महंगाई से राहत तो मिली लेकिन अभी खतरा नहीं टलाः आरबीआई

*नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि देश को महंगाई के मोर्चे पर राहत जरूर मिली है लेकिन अभी खतरा नहीं टला है। हमें लंबा सफर तय करना है। अभी मुश्किलों का दौर टला नहीं है।दुनियाभर में बने हालातों के चलते कीमतों पर संकट बना हुआ है। हालांकि, त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर बेहतर रहने की पूरी उम्मीद है। आरबीआई ने अपने नवंबर बुलेटिन में बताया कि सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 5 फीसदी और अक्टूबर में 4.87 फीसदी रही।*

**7.1 फीसदी पर पहुंच गई थी महंगाई** - बुलेटिन के 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' लेख में आरबीआई ने बताया कि भले ही महंगाई दर में कमी आई हो। मगर, अभी भी यह हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ज्यादा है 2022-23 में महंगाई दर 6.7 और जुलाई-अगस्त 2023 में 7.1 फीसदी तक पहुंच गई थी। केंद्रीय बैंक आरबीआई को पूरी उम्मीद



है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 फीसदी के आसपास रहेगी।

**अनाज, दाल की कीमतों में हुआ इजाफा** - आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अनाज और दाल कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि खाद्य तेल की कीमतों में नरमी आई है। भारत की तरक्की में घरेलू मांग का बड़ा हाथ है। यही वजह है कि बाहर से आ रही चुनौतियां हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रही हैं। निर्यात में कमी के बावजूद अर्थव्यवस्था और महंगाई के मोर्चे पर कोई नुकसान देने वाला प्रभाव नहीं दिख रहा। हालांकि, दुनियाभर में मंदी के चलते मांग घटने से आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। साथ ही महंगाई में भी तेजी आ सकती है। आरबीआई ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार के ध्यान, खर्चों में बढ़ोतरी, डिजिटलाईजेशन और लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा मिलने से स्थिति में सुधार आया है। देश का चालू खाता घाटा और विदेशी मुद्रा भंडार बेहतर स्थिति में है। रुपए की कीमतों में आई स्थिरता से भी सकारात्मक फर्क पड़ा है।

**7.1 फीसदी तक रह सकती है भारत की जीडीपी** - भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भी हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा था 2023 से 2026 तक देश की जीडीपी में सालाना 6 से 7.1 फीसदी की वृद्धि होगी। साथ ही दुनिया के हालातों का भारतीय जीडीपी पर कम असर पड़ेगा।

## आरबीआई ने पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड के नियम किए सख्त

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड समेत रिटेल लोन कैटेगरी के उत्पादों के लिए नियमों को कड़ा कर दिया है। इसके तहत, बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अनसिक्योर्ड लोन के लिए 125 प्रतिशत पूंजी अलग रखने की जरूरत होगी। अभी तक यह 100 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि अब बैंकों को पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड देने से पहले ग्राहकों की साख का और भी गहनता से अध्ययन करना होगा। अनसिक्योर्ड लोन वह लोन है जिसे देने के लिए बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास कोई संपार्श्विक नहीं होता है। जैसे, पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड, स्टूडेंट लोन आदि। ऐसे लोनों में डिफॉल्ट होने की संभावना ज्यादा होती है, इसलिए बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को इनके लिए ज्यादा पूंजी अलग रखनी पड़ती है। आरबीआई के नए नियम के मुताबिक, अब बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अनसिक्योर्ड लोन के लिए 125 प्रतिशत पूंजी अलग रखनी होगी। इससे पहले यह 100 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि अगर कोई बैंक या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी 1 लाख रुपये का अनसिक्योर्ड लोन देती है, तो उसे इसके लिए 1.25 लाख रुपये की पूंजी अलग रखनी होगी। यह नियम उन सभी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर लागू होगा जो पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड देते हैं। हालांकि, यह नियम हाउसिंग लोन, स्टूडेंट लोन और ऑटो लोन पर लागू नहीं होगा।

## एसबीआई जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में योनो ग्लोबल एप करेगा पेश

**सिंगापुर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में अपनी बैंकिंग मोबाइल एप योनो ग्लोबल पेश करेगा, जो उसके ग्राहकों को डिजिटल प्रेषण तथा अन्य सेवाएं प्रदान करेगी। डिप्टी एमडी (आईटी) विद्या कृष्णन ने सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) से इतर कहा, ''हम सर्वोत्तम उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए योनो ग्लोबल में निवेश करना जारी रख रहे हैं। हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना चाहते हैं। तीन दिवसीय सिंगापुर फिनटेक महोत्सव का समापन 17 नवंबर को होगा। कृष्णन ने सिंगापुर स्थित डिजिटल मंच समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय नियामक तथा केंद्रीय बैंक, सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कहा, ''सिंगापुर में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या को देखते हुए हम भारत और सिंगापुर के बीच प्रेषण पर लगातार काम कर रहे हैं। एसबीआई वर्तमान में नौ देशों में 'योनो ग्लोबल सेवाएं प्रदान करता है। इसकी शुरुआत सितंबर 2019 में ब्रिटेन से की गई थी। एसबीआई की विदेशी परिचालन की 'बैलेंस शीट% करीब 78 अरब अमेरिकी डॉलर की है। सिंगापुर में एसबीआई अपने 'योनो ग्लोबल एप को 'पे-नाउ के साथ मिलकर पेश करेगा।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62400 चांदी रिफाइन - 74650

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62400 चांदी रिफाइन - 74650


## सोने 540 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,200 रुपये का उछाल



*नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 540 रुपये की तेजी के साथ 61,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।*

इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये के उछाल के साथ 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। वैश्विक बाजार में सोने की कीमत तेजी के साथ 1,984 डॉलर प्रति औंस हो गई। चांदी भी बढ़त के साथ 23.86 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

गांधी ने कहा कि अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों में श्रम-बाजार की बढ़ती कमजोरी के संकेतों से सोना एक नई साप्ताहिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिससे फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर नियंत्रण रखने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

## भारत ने 2023-24 में अभी तक रिकॉर्ड 41,010 पेटेंट दिए

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय पेटेंट कार्यालय ने इस वित्त वर्ष में 15 नवंबर तक ''सर्वाधिक'' 41,010 पेटेंट प्रदान किए हैं। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' यह एक रिकॉर्ड है। 2023-24 में सर्वाधिक पेटेंट दिए गए।'इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह एक ''उल्लेखनीय उपलब्धि'' है। यह नवाचार-संचालित ज्ञान अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, '' भारत के युवाओं को इस तरह की प्रगति से काफी फायदा होगा।''प्रधानमंत्री ने हाल ही में कहा था कि भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि यहां के युवाओं के बढ़ते नवोन्मेषी उत्साह को दर्शाती है।

## लगातार लुढ़क रहा है कच्चा तेल, 4 माह के लो पर आई कीमतें

*नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख जारी है और यह चौथे साप्ताहिक नुकसान की ओर बढ़ रहा है। तेल की अच्छी सप्लाई और बढ़ते भंडार के संकेतों ने ओपेक+ लीडर्स सऊदी अरब और रूस की ओर से गिरावट को नियंत्रित रखने के प्रयासों को विफल कर दिया है। शुक्रवार सुबह 6 बजे के आसपास डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.18 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा था.वहीं ब्रेंट क्रूड गिरकर 77.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है.*

तेल की कीमतें गुरुवार को लगभग 5 प्रतिशत गिरकर चार महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गईं। ब्रेंट वायदा 3.76 डॉलर या 4.6 प्रतिशत गिरकर 77.42 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड (डब्ल्यूटीआई) 3.76 डॉलर या 4.9 प्रतिशत गिरकर 72.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, यह सितंबर के अपने उच्चतम स्तर से 20 प्रतिशत से ज्यादा नीचे आ चुका है। यह गिरावट अमेरिकी कच्चे माल के भंडार में वृद्धि के बाद आई। इससे पहले ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई दोनों ने 7 जुलाई के बाद से अपने सबसे निचले स्तर क्रमशः



76.60 डॉलर और 72.16 डॉलर पर कारोबार किया। डब्ल्यूटीआई और ब्रेंट दोनों के फ्रंट मंथ कॉन्ट्रैक्ट्स, बाद के कॉन्ट्रैक्ट्स से नीचे कारोबार कर रहे थे।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों द्वारा सामूहिक और स्वैच्छिक आपूर्ति में कटौती के बावजूद कच्चे तेल की कीमत में लगातार चार सप्ताह से गिरावट है। यह मई के बाद से सबसे लंबी गिरावट है। गिरावट को इजराइल-हमास के बीच बढ़ते संघर्ष से भी बढ़ावा मिला है क्योंकि डर है कि यह संघर्ष और आगे बढ़ेगा और तेल आपूर्ति बाधित होगी, जो अब तक नहीं हुई है।

**अमेरिका में अनएंप्लॉयमेंट बेनेफिट्स के लिए दावे बढ़ना भी एक वजह** - वहीं अनएंप्लॉयमेंट बेनेफिट्स के लिए नए दावे दाखिल करने वाले अमेरिकियों की संख्या पिछले सप्ताह तीन महीने के हाई पर पहुंच गई। यह अमेरिका में मंदी का संकेत है। अमेरिका, कच्चे तेल का सबसे बड़ा कंज्यूमर है। इससे पहले सामने आया था कि अक्टूबर में सात महीनों में पहली बार अमेरिकी खुदरा बिक्री में गिरावट आई है क्योंकि मोटर व्हीकल की खरीद और हॉबीज पर खर्च में गिरावट आई है। इसने चौथी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर की शुरुआत में धीमी मांग की ओर इशारा किया, जिससे फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद को और बल मिला।

**चीन में डेली प्रोसेसिंग रेट घटना भी एक कारण** - कच्चे तेल को लेकर ओपेक और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) दोनों ने चौथी तिमाही में आपूर्ति में कमी की भविष्यवाणी की है। इस बीच, चीनी तेल रिफाइनरी थ्रूपुट में अपेक्षित मंदी ने भी निवेशकों को रोका। दुनिया में क्रूड के सबसे बड़े इंपोर्टर चीन में रिफाइनर्स ने अक्टूबर में डेली प्रोसेसिंग रेट घटा दिए। वजह, तेल की मांग एक महीने पहले से गिर गई थी।

# भारत से वियतनाम जा रह ऐपल के चीनी साथी, क्या है देश में कारोबार फेल रहने की वजह?

*नई दिल्ली। ऐपल इंक को चीन में कलपुर्जे देने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक लक्सशेयर भारत में भी ठेके पर असेंबलिंग करती है। मगर अब वह नया निवेश वियतनाम में करने जा रही है। लक्सशेयर ऐपल के लिए एयरपॉड्स बनाने वाली मुख्य कंपनी है और आईफोन के लिए भी आपूर्ति करेगी। मगर पिछले तीन साल में भारत में कारोबार बढ़ाने के कई प्रयास विफल रहने के बाद उसने 33 करोड़ डॉलर का अपना नया निवेश वियतनाम के बाए गियांग प्रांत में करने का निर्णय किया है। वहां की सरकार ने पिछले हफ्ते ही उसके निवेश लाइसेंस को मंजूरी दी है।*

साथ ही वियतनाम में उसका कुल निवेश बढ़कर 50.4 करोड़ डॉलर हो जाएगा। यह फैसला तब लिया गया है, जब ऐपल इंक ने टाटा जैसी भारतीय कंपनियों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाया है। टाटा पहले आईफोन के लिए एनक्लोजर ही बनाती थी मगर हाल ही में उसने ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनी विस्ट्रॉन का अधिग्रहण कर लिया। अब वह आईफोन भी बनाएगी। लक्सशेयर ने इस निर्णय के बारे में पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। ऐपल से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। फॉक्सकॉन के एक कारखाने में मामूली कामगार वांग



लाइचुन ने लक्सशेयर की नींव रखी थी और इसने 2019 में भारत में अपना दफ्तर खोला। तमिलनाडु में मोटोरोला का बंद पड़ा कारखाना खरीदने के लिए उसने 2020 में राज्य सरकार के साथ करार किया और ऐपल के लिए पुर्जे बनाने के वास्ते 750 करोड़ रुपये निवेश का वादा भी किया। भारत-चीन रिश्तों में तनाव ने खटास बढ़ा दिया। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की उसकी अर्जी को भी मंजूरी नहीं मिली।

घटनाक्रम के जानकार सूत्रों का कहना है कि पिछले एक साल में कई मौकों पर लक्सशेयर के अधिकारियों को वीजा देने से इनकार कर दिया गया था। इस साल लक्सशेयर सहित 14 चीनी कंपनियों को इस शर्त पर प्रारंभिक मंजूरी दी गई कि वे साझा उपक्रम बनाएंगी। यह भी नहीं हो पाया। मई में कंपनी ने कथित तौर पर कहा कि वह भारत में निवेश तभी करेगी, जब उसे देश के कारोबारी माहौल की गारंटी मिले। तभी साफ हो गया था कि मामला कुछ गड़बड़ है। 2004 में बनी लक्सशेयर को 2010 में शेनझेन स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराया गया था और ऐपल इंक के साथ सौदों में यह फॉक्सकॉन को टक्कर दे रही है। इसे चीन में अव्वल दर्जे की तकनीकी असेंबलिंग कंपनी माना जाता है। इसने बाजार में जल्द ही आने वाला ऐपल का मिस्क्ड रियलिटी विजन प्रो हैंडसेट बनाने का ठेका भी हासिल कर लिया है। वियतनाम सरकार के बयान के मुताबिक 72 एकड़ में बने कारखाने में कंपनी नए निवेश से स्मार्टफोन, संचार उपकरण, टच फोन, स्मार्ट पोजि?शनिंग टैग और स्मार्ट वॉच के लिए तार बनाएगी।

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.27 |
| एक यूरो | 90.47 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103 .40 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.05 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## आरबीआई ने एक्सिस बैंक पर 91 लाख का जुर्माना लगाया




*मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों के उल्लंघन के लिए एक्सिस बैंक पर 90.93 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि यह जुर्माना आदेशों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है।*

आरबीआई के बयान में कहा गया कि केवाईसी दिशानिर्देश के लोन और रिस्क मैनेजमेंट पर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। इन नियमों का पालन नहीं करने पर बैंक पर जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया। आरबीआई द्वारा एक अकाउंट से जुड़ी जांच भी की गई थी।

इसके अलावा, बैंक कुछ मामलों में ग्राहकों की पहचान और उनके पते से संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित करने में विफल रहा।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, कुछ ग्राहकों को लगातार कॉल करने से कुछ डेलिंक्वेंट (बकाया) उधारकर्ताओं के साथ रिकवरी एजेंटों का उचित व्यवहार सुनिश्चित नहीं हो सका, और कुछ ग्राहकों को रिकवरी एजेंटों द्वारा की गई कॉल की कंटेंट/टेक्स्ट की टेप रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने में विफल रहे।

## फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 188 अंक लुढ़का



*मुंबई। वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार में बीते दो कारोबारी सत्रों में तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई जिससे बीएसई सेंसेक्स 188 अंक की गिरावट लेकर बंद हुआ।*

दरअसल भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से कंज्यूमर लोन से जुड़े नियमों को कड़ा करने के बाद बैंकिंग, फाइनेंस और एनबीएफसी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के दबाव से शेयर बाजार में गिरावट आयी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत खराब रही और यह गिरकर 65,788.79 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में खूब उतार-चढ़ाव देखा गया और अंत में यह 187.75 अंक या 0.28 प्रतिशत गिरकर 65,794.73 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 33.40 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,731.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में सबसे ज्यादा 3.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। साथ ही एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआई बैंक, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, विप्रो, रिलायंस, एचडीएफ़सी बैंक, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट में बंद हुए। दूसरी तरफ, एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 1.99 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।

### अगले साल अंत तक सेंसेक्स 74,000 पर पहुंचेगा : मॉर्गन स्टैनली

ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का कहना है कि अगले साल के अंत तक यानी दिसंबर 2024 तक प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 74,000 अंकों का आंकड़ा छू लेगा। इसका मतलब हुआ कि बाजार मौजूदा स्तर से 12 फीसदी की वृद्धि करेगा। ब्रोकरेज ने अपने 2024 इंडिया इक्विटी स्ट्रैटजी आउटलुक में कहा है, 'इस स्तर का मतलब है कि सेंसेक्स 24.7 गुना के पीई मल्टीपल पर कारोबार करेगा जो उसके 25 वर्ष के औसत 20 गुना से अधिक है। ऐतिहासिक औसत के मुकाबले तेजी का मतलब भारत में मजबूत मध्यावधि वृद्धि में बढ़ता भरोसा है।'मॉर्गन स्टैनली के तेजी के मामले में 86,000 का लक्ष्य रखा है। यह कच्चे तेल की कीमतों के 70 डॉलर तक गिरने और भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से दरों में बड़ी कटौती पर निर्भर करेगा। ब्रोकरेज ने मंदी के मामले में 51,000 अंकों का लक्ष्य तय किया है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

**आवश्यकता**

शिक्षित एवं बेरोजगार परमानेंट जॉब- 10 लड़के एवं 10 लड़कियां की जरुरत है। 5वीं से 12वीं पास तक वेतन 3 हजार से 10 हजार तक

पता- शारदा मंदिर बरेला हरि ॐ किराना के बाजू में

मो.नं. 9174547445


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# पूर्व विधान सभा क्षेत्र में चली गोली, जमकर हुआ पत्थराव, बम भी चले





**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। प्रदेश के सभी जिलों में मतदाताओं ने अपने प्रत्याशी को वोट किया। इसी के साथ ही कई जिलों में मारपीट की खबरें भी सामने आयी। इसी कड़ी में इसी कड़ी में जबलपुर जिले के सभी आठों विधान सभाओं में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया जा रहा था। सभी मतदान केंद्रों में पुलिस प्रशासन शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने की कवायद में जुटा रहा। दोपहर दो बजे तक पूरे जिले में किसी प्रकार की घटना नहीं घटित हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे ने संवेदनशील इलाकों में अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाले हुये थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतते गया, पश्चिम और पूर्व विधानसभा क्षेत्र से वाद-विवाद और मारपीट की घटनाओं की सूचना आनी शुरू हो गई। शाम ढलते ही पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा था। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और शीतलामाई वार्ड के पूर्व पार्षद राम मोहन गुप्ता के कार्यालय के सामने मतदान के अंतिम समय में गोलियां, बम और जमकर पत्थर चले। जिससे वोट डालने जा रहे मतदाताओं और वहां उपस्थित अन्य लोगों में भगदड़ मच गई। सभी अपनी जान बचाकर छिपने के लिये स्थान खोजने लगे। क्षेत्र में खबर फैलते ही ही हड़कंप मच गया। घटना में पूर्व विधान सभा क्षेत्र के प्रत्याशी अंचल सोनकर, कार्यकर्ता नरेन्द्र वर्मा व एक अन्य युवक घायल हुये हैं। वहीं कुछ कांग्रसी कार्यकर्ताओं व पुलिस कर्मियों के घायल होने की खबर सामने आयी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं की बीच जमकर झड़प हुई। इस बीच सुअरमार बम और गोलियां चलाई गईं। जिसके बाद दोनों पक्षों के जमकर पत्थरबाजी हो गई।

## तत्काल पहुंचा पुलिस बल

घटना की खबर मिलते ही तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर भाजपा और कांग्रेस के समर्थक तितर-बितर हो गये। पुलिस ने क्षेत्र वासियों को अपने घरों में रहने की हिदायत दी। कुछ घंटों तक घमापुर से शीतलामाई रोड को बंद कर दिया गया। बड़े व छोटे वाहनों को भी रोक दिया गया। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

## मौके से मिले बम के छर्रे व गोली

घटना की घटित होने के पहले पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि पूर्व कांग्रेस पार्षद के कार्यालय में विवाद के बाद बम चलाये गये हैं। भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने भिड़ गये हैं। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से बंदूक की गोलियां और खाली खोके और बमों के छर्रे भी मिले हैं। जिसके बाद पुलिस ने इस बात की पुष्टि की, कि घटना के दौरान गोलियां भी चलाई गई हैं।

## घटना में भाजपा प्रत्याशी व कार्यकर्ता सहित पुलिस अधिकारी घायल

## कलेक्टर, एसपी घटना स्थल पर पहुंचे

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर सौरभ सुमन, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों से ली और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। बहुत देर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जिन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है।

## अंचल सोनकर ने लगाया कांग्रेस पर आरोप

वहीं इस घटना में घायल हुये भाजपा प्रत्याशी अंचल सोनकर ने घमापुर थाने में साफ तौर पर आरोप लगाते हुये पत्रकारों को बताया कि इस वह और उनके समर्थक शीतलामाई क्षेत्र स्थित कल्लन गुप्ता के कांग्रेस कार्यालय के सामने से गुजर रहे थे। तभी वहां खड़े कांग्रेसियों ने इन पर हमला कर दिया जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी का भाई व अन्य लोग शामिल हैं। जिन पर 307 का मामला दर्ज होना चाहिये।

## सैकड़ों भाजपाई थाने पहुंचे

इधर, घटनाक्रम के बाद घमापुर थाने में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जा पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी अंचल सोनकर के समर्थन में पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, आशीष सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घमापुर थाने का घेराव करते हुये आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## भानतलैया क्षेत्र में गोली चली

वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता कल्लन गुप्ता के कार्यालय में बमबाजी और गोलीबाजी की घटना के बाद भानतलैया में भी गोली चालन की खबर सामने आयी है। जिसमें जानकारी के अनुसार एआईएमआईएम प्रत्याशी गजेन्द्र सोनकर के साथ भाजपा समर्थकों का विवाद होना बताया जा रहा है। जिसमें गोली चालन की खबर सामने आयी है।

## पंचशील स्कूल में दो बार चले बम

वहीं पूर्व विधानसभा क्षेत्र स्थित पंचशील स्कूल में भी निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां शुक्रवार को मतदान के बीच दो बार बमबाजी की गई। जिसमें सुबह लगभग 10 बजे व दोपहर में वारदात को अंजाम दिया गया है।

## गढ़ा स्कूल में मारपीट

वहीं पश्चिम क्षेत्र की गढ़ा स्थित हितकारणी कन्या शाला स्कूल में पुलिस ने मतदान केन्द्र में फालतू खड़ा रहने की बात पर वहां पर लोगों से मारपीट की। जिसका विरोध भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने किया। जिसके बाद पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया। लाठी चार्ज होते देख मतदाताओं में भगदड़ मच गई। जिससे श्री तिवारी के हाथ में गंभीर चोट लगी है।

## कांग्रेस के पूर्व पार्षद को पीटा



वहीं दूसरी ओर गोरखपुर क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व पार्षद व मप्र परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्दर सिंह पांधे के साथ भी मारपीट की जाने की खबर सामने आयी हैं। जिसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि श्री पांधे अपनी पत्नि के साथ गाड़ी में बैठकर जा रहे थे। रास्ते में कुछ असमाजिक तत्वों ने उन्हें रोककर उनके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की। जिसमें वह और उनकी पत्नि गाड़ी से गिर गये। जिसके बाद उन्हें बेरहमी से मारा गया। मारपीट के साथ वह थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करायी। इस संबंध में श्री पांधे ने देशबन्धु को बताया कि उनके घर के सामने एक जिम है। जहां लड़के खड़े रहते हैं व शराबखोरी और हड़दंगबाजी करते हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में की थी। जिससे आक्रोशित लड़कों ने उनके साथ मारपीट की है।

## हम तो ऑफिस में बैठे थे- कल्लन

घटना के संबंध में कल्लन गुप्ता ने देशबन्धु को बताया कि वह और उनके कार्यकर्ता अपने कार्यालय के अंदर बैठे थे। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अंचल सोनकर व उनके समर्थक सड़क के उस पार से जा रहे थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोका। इसी बीच कुछ लोग रोड के इस पार खड़े थे कुछ उस पार खड़े थे। इन लोगों ने आपसी में फायरिंग चालू कर दी एक दूसरे के ऊपर अचानक फायरिंग होते देख हमारे कार्यकर्ताओं ने कार्यालय शटर बंद कर दिया और मुझे अंदर कर दिया। शटर बंद करते ही मेरे कार्यालय में गोलियां, पत्थर व बम चलने लगे। ऐसा लगता है कि यह पूरी साजिश ही अंचल सोनकर की थी। इसके पूर्व में भी अंचल सोनकर के कार्यकर्ताओं के द्वारा मुझे पहले भी जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। पूर्व में भी दो चुनाव में मैनें अंचल सोनकर के समर्थकों की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। मुझे इस बात का बहुत खेद है कि अंचल सोनकर जैसा राजनीतिज्ञ का स्तर इतना नीचे गिर सकता है। मैं शासन और प्रशासन से इतना ही कहना चाहता हूं कि मेरी पत्नि के देहांत के बाद मेरा पुत्र, बहु और उनका बच्चा घर पर अकेले हैं। मैं घर नहीं जा पा रहा । अगर मेरी हत्या होती है। तो इसका मुख्य कारण अंचल सोनकर उनका पुत्र राम सोनकर व राजा सोनकर ही जिम्मेदार होंगे।

### इनकी आदत ही है मनगढ़ंत बताने की-जय घनघोरिया

इस संबंध में कांग्रेस नेता जय घनघोरिया ने देशबन्धु से बातचीत में बताया कि अंचल सोनकर हार रहे हैं इसलिये कुछ भी मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। इसके पूर्व चुनावों में भी वह इस प्रकार की हरकतें कर चुके हैं।









## उत्तर की सर्द हवाओं का असर बढ़ने लगा, शाम ढलते ही गिरने लगा है तापमान



### आने वाले दिनों में सर्द हवाओं के चलने की संभावना बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम के मिजाज ने धीरे-धीरे करवट बदलना शुरू कर दिया है, इसका असर भी देखने को मिलने लगा है। शाम ढलते ही ठंडक शुरू होने लगी है। उत्तर की तरफ से आने वाली हवाएं प्रतिघंटे 3 से 4 किमी गति से चल रही है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम आंका गया। संभाग के जिलों में आने वाले दिनों में बर्फीली हवाओं के चलने की संभावना जताई गई है।

इस बार बीते साल की अपेक्षा ठंड का सीजन देर से शुरू हो रहा है। यह और बात है कि बारिश का आंकड़ा सामान्य से अधिक दर्ज किया गया था। इस लिहाज से माना जा रहा था कि ठंड भी तेज पड़ सकती है। हालाकि अब तक ऐसा नही हुआ और दीपावली के बाद अब रात के समय मौसम का रूख बदल रहा है और लोगों को अब ठंड का एहसास हो रहा है। शाम ढलने के बाद ही गर्म कपड़ों का इस्तेमाल किया जाने लगा है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 17 नवंबर को न्यूनतम तापमान 28.7 और न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी के बाद कहा जाने लगा है कि ठंडक का असर दिन के बजाय रात में बढ़ने लगा है। बीते साल अधिकतम तापमान 27.2 और 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसे देखते हुये माना जा रहा है कि गत वर्ष के मुकाबले इस साल जबलपुर में तेज ठंड पड़ सकती है।

प्रदेश में सबसे कम तापमान ग्वालियर का 11 डिग्री सेल्सियस आंका गया। दिल्ली-आगरा के करीब के प्रदेश के ग्वालियर में सर्द हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है। इसके बाद प्रदेश के अन्य क्षेत्र जिसमें बुंदेलखंड और इसके बाद महाकोशल में इसका असर देखने को मिलेगा।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 110
मुर्गा बड़ा - रु. 92
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 88
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 106
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मोबाइल नं. 9300692405





## दानापुर-सीएसएमटी एवं दानापुर-पुणे के बीच जबलपुर से होकर दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे ने छठ पर्व में अतिरिक्त यातायात को क्लीयर करने एवं य टर्मिनस और पुणे-दानापुर-पुणे के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलाने का निणज्य लिया गया है, यात्रियों की सुविधा के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-दानापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज 1- सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी (04 सेवाएं)- गाड़ी संख्या 01107 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-दानापुर स्पेशल ट्रेन 18 एवं 25 नवम्बर 2023 (शनिवार) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से 11.05 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन (रविवार को) 14.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01108 दानापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 19 एवं 26 नवम्बर 2023 (रविवार) को दानापुर स्टेशन से 16:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन 23:15 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 06 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन (04 सेवाएं)- गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 एवं 25 नवम्बर 2023 (शनिवार) को पुणे स्टेशन से 06.35 बजे प्रस्थान कर,और अगले दिन (रविवार को) 11.40 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 19 एवं 26 नवम्बर 2023 (रविवार) को दानापुर स्टेशन से 13.30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन 19.40 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 10 सामान्य श्रेणी, 04 द्वितीय कुसीयान एवं 02 एसएलआर सहित कुल 16 कोच रहेंगे।

यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड़, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।




FARNAZ